"हमारी समस्या का हल सिर्फ हमारे पास ही है, दूसरों के पास तो हमारी समस्या का सुझाव है।"

yashbharat.co.in
हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें

# यश भारत

नये जमाने के साथ..

● वर्ष- 17 अंक 200- ● जबलपुर ● सोमवार, 21 अगस्त, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● श्रावण शुक्ल पक्ष 5 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935





नागपंचमी आज

### आज का मौसम

आज सुबह का तापमान
24.3डिसे
दोपहर 12 बजे तक
29डिसे
मौसम शुष्क रहेगा

## नेशनल मेडिकल कमिशन की गाइडलाइंस जारी

# दवा कंपनियों से फायदा लेने वाले डॉक्टर्स का लाइसेंस होगा सस्पेंड

नई दिल्ली ● एजेंसी
yashbharat.co.in



मेडिकल कॉन्फ्रेंस के बहाने पांच-सितारा होटलों में कॉकटेल डिनर अब गुजरे जमाने की बात हो सकती है। नेशनल मेडिकल कमिशन ने डॉक्टर्स के लिए नियम कड़े कर दिए हैं। डॉक्टर्स किसी ऐसे सेमिनार, वर्कशॉप या कॉन्फ्रेंस में शामिल नहीं हो जाएंगे जिन्हें फार्मा कंपनियों या संबंधित हेल्थ सेक्टर ने डायरेक्ट या इनडायरेक्ट स्पांसर किया हो। इन नियमों के उल्लंघन पर डॉक्टरों का लाइसेंस तीन महीने तक के लिए सस्पेंड किया जा सकता है। NMC के नए प्रोफेशनल कंडक्ट रेगुलेशंस की धारा 35 में डॉक्टरों और उनके परिवार को फार्म कंपनियों या उनके प्रतिनिधियों से कंसल्टेंसी फीस या हॉनरेरियम लेने पर भी बैन लगा दिया गया है। नए नियमों के तहत, डॉक्टरों के लिए जेनेरिक दवाएं लिखना अनिवार्य कर दिया गया है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने इसका विरोध किया है। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने आज इस संबंध में एक बैठक बुलाई है।

### डॉक्टरों की सुविधा शुल्क से होने वाली कमाई बंद!

नए नियम डॉक्टरों को किसी भी बहाने से व्यावसायिक हेल्थकेयर प्रतिष्ठानों, चिकित्सा उपकरण कंपनियों, या कॉर्पोरेट अस्पतालोंज से कंसल्टेंसी फीस या मानदेय लेने से भी रोकते हैं।मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया (MCI) ने 2010 में डॉक्टरों और उनके परिवारों के दवा कंपनियों से गिफ्ट, ट्रेवल सुविधाएं या हॉस्पिटैलिटी पर रोक लगा दी थी। इसके बाद दवा कंपनियों ने कई डॉक्टरों के साथ कॉन्ट्रैक्ट कर लिया कि वे लेक्चर देंगे और वर्कशॉप कराएंगे। डॉक्टर्स यह इनकम घोषित कर देते थे।कई कॉरपोरेट अस्पतालों ने भी मरीजों को भेजने के लिए डॉक्टरों के साथ अनुबंध किया और उन्हें सुविधा शुल्क बताकर इसके लिए भुगतान किया।कई डॉक्टरों ने फार्मा और मेडिकल डिवाइस उपकरण कंपनियों के साथ इन कंसल्टेंसी के माध्यम से और ऐसी फैसिलिटेशन फीस के माध्यम से अपनी सैलरी से ज्यादा कमाई की।ऐसा लगता है नए नियम ने इस खामी को दूर कर दिया है। डॉक्टर अब इन कॉमर्शियल संस्थाओं से केवल इन संगठनों के कर्मचारियों के रूप में वेतन और लाभ के रूप में पैसा पा सकते हैं।नए नियमों में डॉक्टर्स से हितों के टकराव का ध्यान रखने को कहा गया है।

## » न्यूज गैलरी

### नोएडा में करंट से एक की मौत, सात घायल

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

नोएडा के सेक्टर-24 में बड़ा हादसा सामने आया. करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई जबकि सात अन्य लोग घायल हो गए. गौतमबुद्ध नगर जिले के नोएडा सेक्टर-24 थाना क्षेत्र में स्थित ईएसआई अस्पताल के बाहर यह दुर्घटना हुई. बिजली का खंभा लगाने का काम किया जा रहा था. तभी करंट की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि सात अन्य लोग झुलस गए. पुलिस ने बताया कि घटना रविवार शाम की है.सहायक पुलिस आयुक्त सुशील गंगा प्रसाद ने बताया कि घटना आज शाम करीब पौने सात बजे की है. उन्होंने बताया कि अनुबंध पर काम लेने के बाद ठेकेदार शाम को ईएसआई अस्पताल के बाहर स्ट्रीट लाइट के खंभे लगा रहे थे। उसी दौरान वे ऊपर से गुजर रही 11,000 किलोवाट की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गए.।

### पाकिस्तान में भीषण सड़क हादसा

इस्लामाबाद ● एजेंसी
yashbharat.co.in

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में फ्यूल टैंक लेकर जा रही पिकअप वैन यात्री बस से टकरा गई, जिसके चलते बस में भीषण आग लग गई और महिलाओं व बच्चों सहित 18 लोगों की मौत हो गई. जबकि 16 लोग घायल हो गए. पुलिस ने बताया कि बस कराची से इस्लामाबाद जा रही थी. बस में करीब 40 लोग सवार थे. रविवार सुबह साढ़े चार बजे लाहौर से करीब 140 किलोमीटर दूर फैसलाबाद मोटरवे के पिंडी भट्टियन खंड पर बस की वैन से टक्कर हो गई। मोटरवे के महानिरीक्षक (आईजी) सुल्तान ख्वाजा ने कहा कि मोटरवे के पिंडी भाटियान खंड पर बस ने एक वैन को टक्कर मार दी, जो फ्यूल टैंक ले जा रही थी. बस ने उसे पीछे से टक्कर मारी. इससे दोनों वाहनों में भीषण आग लग गई. इस हादसे में 18 यात्रियों की मौत हो गई. उन्होंने बताया कि हादसे में झुलसे हुए अन्य 16 लोगों को नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया. सुल्तान ख्वाजा ने कहा कि मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है।

### गुजरात से 45 पाकिस्तानी गिरफ्तार

बनासकांठा ● ईएमएस
yashbharat.co.in

गुजरात के बनासकांठा में हिंदू समुदाय के 45 पाकिस्तानी नागरिकों को वीजा समाप्त होने और दीर्घकालिक वीजा (एलटीवी) के लिए उनके आवेदन खारिज कर दिए जाने के बाद अधिक समय तक रहने के आरोप में हिरासत में ले लिया गया. एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी.

### सनी देओल के बंगले की नीलामी पर रोक

नई दिल्ली ● एजेंसी
yashbharat.co.in

बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा भाजपा सांसद सनी देओल के जुहू स्थित बंगले की ई-नीलामी को रोक दिया गया है। अब इस पर विवाद गहराता जा रहा है। कांग्रेस ने नीलामी नोटिस वापस लेने पर पूछा कि इसे वापस लेने के लिए त्तकनीकी कारणोंज को किसने उकसाया है।गौरतलब है, सनी देओल के मुंबई के जुहू स्थित आलीशान बंगले को बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा 56 करोड़ रुपये का लोन वसूलने के लिए नीलाम किया जाना था। हालांकि, सोमवार सुबह यानी आज बैंक ऑफ बड़ौदा ने एक नोटिस जारी किया, जिसमें बताया कि अजय सिंह देओल उर्फ सनी देओल के जहू बंगले के बेचने के नोटिस को तकनीकी कारणों से वापस ले लिया है। जिसका मतलब अब बंगले की नीलामी नहीं होगी।

## चमोली में लैंडस्लाइड

# पहाड़ी झरने में नहा रहे थे लोग गिरा मलबा, मची चीख- पुकार

चमोली ● एजेंसी
yashbharat.co.in

**उत्तराखंड के चमोली का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खासा वायरल हो रहा है। इस वीडियो में पहाड़ी झरने में नहा रहे लोगों पर मलबा को गिरते देखा जा रहा है। मलबा गिरते ही वहां पर चीख-पुकार मच गई। इस वीडियो को देखकर लोगों के रोंगटे खड़े हो रहे हैं।**



पहाड़ों में बारिश के कारण उत्पन्न होने वाली भयावह स्थिति के बावजूद लोगों का रुझान पहाड़ों की तरफ दिख रहा है। पर्यटक बड़ी संख्या में पहाड़ों पर पहुंच रहे हैं। पहाड़ दरकने और लैंडस्लाइड के कारण उनकी जान पर बन आ रही है। पिछले दिनों ऋषिकेश में हरियाणा के एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत लैंडस्लाइड के कारण हो गई। अब चमोली का यह वीडियो दहला रहा है। इसे देखकर लोग दंग रह गए हैं। चमोली पुलिस की ओर से जारी किए गए वीडियो में लोगों से सावधानी बरतने का अनुरोध किया गया है। प्रशासन और सरकार की ओर से पहाड़ों पर छुट्टियां मनाने आने वाले लोगों से बरसात के मौसम में विशेष रूप से सावधानी बरतने को कहा जा रहा है। लगातार अपील का भी असर नहीं दिख रहा है। ऐसे में चमोली पुलिस का वीडियो लोगों को स्थिति की भयावहता बताने में सफल हुआ है। पुलिस ने इस वीडियो के साथ संदेश दिया है कि बारिश के दिनों में सुरक्षित रहने के लिए झरने से दूर रहें। उत्तराखंड में पिछले दिनों में पर्यटकों की संख्या में लगातार इजाफा हुआ है। चार धाम यात्रा में रिकॉर्ड संख्या में ड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। बारिश के मौसम में आने वाले पर्यटकों को तात्कालिक तौर पर बने झरने खासे लुभाते हैं। वहां पर वे मस्ती करते दिख जाते हैं। ट्विटर पर पोस्ट किए गए वीडियो में भी दिख रहा है कि कुछ लोग झरने के नीचे बैठकर नहा रहे हैं। मौज-मस्ती कर रहे हैं। चारों तरफ खिलखिलाहट जैसी स्थिति दिख रही है। कुछ ही देर में झरने के पानी के साथ मलबा नीचे गिरता है। इसके बाद चारों तरफ से चीख-पुकार की आवाज आने लगती है। यह लोगों को डराने वाला है। ऐसे खतरे से लोगों को बचाने के लिए चमोली पुलिस ने वीडियो जारी किया है।

## परिवारजन को योग्यता के आधार पर टिकट देना परिवारवाद नहीं: शाह

भोपाल ● यशभारत
yashbharat.co.in



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को भोपाल में परिवारवाद को लेकर स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि परिवारवाद का आशय मिल्कियत से है, यानी सरकार और शासन में अगर एक ही परिवार का दबदबा है तो यह परिवारवाद है। यह देश और लोकतंत्र के लिए जहर है। कहीं किसी के परिवारजन को योग्यता के आधार पर टिकट दिया, तो इसे परिवारवाद नहीं कह सकते हैं। शाह ने कांग्रेस नेताओं के भाषणों में जांच एजेंसियों को लेकर हायतौबा मचाने पर कहा कि यह घोटालों की जांच का परिणाम है। भोपाल में मीडिया से उन्होंने कहा कि परिवारवाद के मुद्दे को कांग्रेस कमजोर कर रही है। क्या आप कह सकते हैं कि मध्य प्रदेश में भाजपा किसी परिवार की मिल्कियत है? अटल बिहारी वाजपेयी, नरेन्द्र मोदी, राजनाथ सिंह किसके बेटे थे? मैं पार्टी अध्यक्ष बना, पर मेरी कोई पारिवारिक पृष्ठभूमि नहीं थी और न ही जेपी नड्डा जी की ही है।

### शिवराज जी ही मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री के चेहरे पर उन्होंने कहा कि अभी शिवराज जी ही मुख्यमंत्री हैं। पार्टी का काम पार्टी करेगी। वहीं, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि 2003 से पहले मध्यप्रदेश बीमारू राज्यों में शामिल था और यहां डकैतों, नक्सलियों का आतंक था। हमारी सरकार ने प्रदेश को बीमारू राज्य के ठप्पे से मुक्ति दिलाई।

## गंभीर आर्थिक संकट में घिरा जिनपिंग का देश

# सोवियत संघ की तरह चीन हो जाएगा टुकड़े-टुकड़े

बीजिंग ● एजेंसी
yashbharat.co.in



मुश्किल में फंसा चीन, दुनिया के कई जानकारों के लिए अब चिंता का विषय बन गया है। मैन्युफैक्चरिंग हब के नाम से मशहूर चीन अब अपनी खराब होती अर्थव्यवस्था और बढ़ती बेरोजगारी की वजह से मुश्किलों में आ गया है। यह बात भी सच है कि चीन जो आज दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है कभी सबसे ज्?यादा गरीब देश था। पिछले चार दशकों में इसकी शानदार तरक्की ने सबको हैरान कर दिया है। हर देश मुश्किल के दौर में आता है और एक समय ऐसा होता है जब परेशानियां उस पर हावी हो जाती हैं। कुछ लोगों का कहना है कि आज जो हालात चीन के हैं, वही हालात कभी सोवियत संघ के थे। इन हालातों ने सोवियत संघ के टुकड़े-टुकड़े कर दिए थे। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या चीन भी उस तरफ आगे बढ़ रहा है?

### बड़ी मुसीबत की तरफ ड्रेगन!

विशेषज्ञों की मानें तो ऐसा नहीं है। उन्होंने सोवियत संघ से चीन की तुलना करने से इनकार कर दिया है। उनका कहना है कि चीन, सोवियत संघ की तुलना में एक विशाल देश है। ऐसे में इसका उस तरह से पतन नहीं होगा मगर यह बात भी सच है कि देश में हालात ठीक नहीं है। इन हालातों की वजह से चीन एक बड़ी मुसीबत की तरफ बढ़ चुका है। सोवियत संघ कई देशों का एक ऐसा समूह था जिसकी अर्थव्यवस्था सन् 1980 के दशक के अंत में तेजी से ढह गई। कई लोग अब सोवियत संघ की तर्ज पर कहने लगे हैं कि चीन का आर्थिक चमत्कार अब खत्म हो चुका है।

## श्रीलंका में चीन की नई शैतानी

### भारत के तेल पर खेल बिगाड़ने की तैयारी

नई दिल्ली ● एजेंसी
yashbharat.co.in

लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल पर भारत की सख्ती से परेशान चीन अब श्रीलंका में नई पेच फंसाने की कोशिश कर रहा है। दरअसल, श्रीलंका में भारतीय तेल कंपनी इंडियन ऑयल की सब्सिडियरी जरिए ईंधन बेचा जाता है। पर अब चीन भी श्रीलंका में तेल बेचने की फिराक में है। इसके लिए वह अपनी साइनोपेक कंपनी के जरिए इस द्वीपीय देश तेल का कारोबार शुरू करने वाला है। श्रीलंका की नई उदारीकरण नीति का फायदा उठाते हुए ड्रैगन वहां अपने पैर पसारने की कोशिश में जुटा है। गौरतलब है कि श्रीलंका IOC का संचालन भारतीय कंपनी इंडिया ऑयल के जरिए होता है।

## इंडिगो विमान में यात्री को आया हार्ट अटैक, जयपुर में आपात लैंडिंग

नई दिल्ली ● एजेंसी
yashbharat.co.in



राजस्थान की राजधानी जयपुर से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है; जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इंडिगो के एक विमान की आपात लैंडिंग कराई गई है. इंडिगो का यह विमान उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से उड़ान भर कर शारजाह जा रहा था. विमान के रफ्तार पकड़ते ही फ्लाइट के क्रू मेंबर को बताया गया कि विमान में सवार एक यात्री को हार्ट अटैक आया है. इसे अफरा-तफरी का माहौल हो गया. विमान के क्रू मेंबर ने तत्काल इसकी सूचना जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को दी और आपात लैंडिंग कराने की अनुमति मांगी. जयपुर एयरपोर्ट के अधिकारियों को जैसे ही इसकी जानकारी मिली उन्होंने शारजाह जा रहे विमान को तत्काल इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति प्रदान कर दी. विमान ने लखनऊ से शारजाह के लिए उड़ान भरी थी. विमान के उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही यात्रा कर रहे एक यात्री को दिल का दौरा पड़ गया. जानकारी के अनुसार, इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई-1423 लखनऊ से शारजाह के लिए रविवार रात को 9.45 बजे उड़ान भरी थी।

# चांद से विक्रम लैंडर ने भेजीं नई तस्वीरें

## ISRO ने ट्वीट कर दिखाया नजारा

नई दिल्ली ● एजेंसी
yashbharat.co.in



भारत का चंद्रयान-3 लगातार चांद की ओर कदम बढ़ा रहा है. चंद्रयान-3 की लैंडिंग पर भारत के साथ-साथ पूरी दुनिया की नजर टिकी हुई है क्योंकि चांद पर लैंड करने में अब दो दिन का समय बचा है. इससे पहले भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने चांद का दीदार कराया है. चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर ने चांद की कुछ तस्वीरों को भेजा है, जिसे इसरो ने अपने ट्विटर हैंडल पर शेयर किया है. इसरो ने ट्वीट कर बताया कि विक्रम लैंडर द्वारा कुछ तस्वीरें भेजी गई हैं. लैंडर में लगा कैमरा लैंडिंग के दौरान बोल्डर और गहरी खाइयों की जानकारी देता रहता है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने रविवार को कहा कि उसने चंद्रयान-3 मिशन के 'लैंडर मॉड्यूल' (एलएम) को कक्षा में थोड़ा और नीचे सफलतापूर्वक पहुंचा दिया, और इसके अब 23 अगस्त को शाम छह बजकर चार मिनट पर चंद्रमा की सतह पर उतरने की उम्मीद है। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि लैंडर माड्यूल प्रस्तावित 'सॉफ्ट लैंडिंग' से पहले अंदरूनी जांच की प्रक्रिया से गुजरेगा. इसरो ने कहा कि लैंडर (विक्रम) और रोवर (प्रज्ञान) से युक्त लैंडर मॉड्यूल के 23 अगस्त को शाम छह बजकर चार मिनट पर चंद्रमा की सतह पर उतरने की उम्मीद है. इससे पहले, इसरो ने कहा था कि मॉड्यूल 23 अगस्त को शाम पांच बजकर 47 मिनट पर चंद्रमा की सतह पर उतरेगा। चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग के आप भी साक्षी बन सकते हैं। इसरो ने कहा कि हर भारतीय को गौरवान्वित करने वाले इस घटनाक्रम का सीधा प्रसारण 23 अगस्त 2023 को भारतीय समयानुसार शाम 5:27 बजे शुरू किया जाएगा।

## पुलवामा में मुठभेड़ दो आतंकी ढेर



जम्मू ● एजेंसी
yashbharat.co.in

जम्मू-कश्मीर के पुलवामा के लैरो-परिगाम इलाके में रविवार को आतंकवादियों से मुठभेड़ शुरू हुई। पुलिस और सुरक्षा बल ने मोर्चा संभला। कश्मीर जोन पुलिस ने एक्स (ट्विटर) पर एक पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दो आतंकियों को मार गिराया गया है। हालांकि पुलिस व सेना की ओर से अभी तक आतंकियों के मारे जाने की आधिकारिक रूप से जानकारी नहीं दी गई है। इससे पहले 18 अगस्त को उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में सुरक्षाबलों के हाथ बड़ी सफलता लगी थी। सुरक्षाबलों ने यहां तलाशी अभियान के दौरान बड़ी मात्रा में हथियारों की खेप बरामद की थी। खुफिया एजेंसियों से मिले इनपुट पर कार्रवाई करते हुए सेना, बीएसएफ और पुलिस की संयुक्त टीम ने 15 से 18 अगस्त तक कुपवाड़ा के माछिल सेक्टर में व्यापक तलाशी अभियान चलाया है।

### फिरोजपुर में बीएसएफ और पाक तस्करों में फायरिंग

फिरोजपुर में बीएसएफ और पाक तस्करों में फायरिंग हुई। इसके बाद पाकिस्तानी तस्कर घने कोहरे, अंधेरे व गेहूं की फसल की आड़ में बच कर पाक की तरफ भाग गए। बीएसएफ को घटनास्थल से 65 करोड़ रुपये की हेरोइन, एक पिस्टल, एक मैगजीन व चार कारतूस बरामद हुए। यह घटना फिरोजपुर सेक्टर में बनी बीएसएफ की पोस्ट सतपाल के पास घटी। बीएसएफ पंजाब के आईजी अनिल पालीवाल ने बताया कि उन्हें खुफिया सूचना मिली थी कि सरहद पर बनी बीएसएफ की पोस्ट सतपाल के पास से हेरोइन की खेप पाक से आने वाली है। पिछले कुछ दिन से उक्त एरिया में जवानों की गश्त तेज करने के अलावा चौकसी बढ़ा दी थी।बीएसएफ की बटालियन 105 के जवान वीरवार-शुक्रवार की रात पोस्ट सतपाल के पास गश्त कर रहे थे कि करीब साढ़े तीन बजे फेंसिंग के पास पाकिस्तानी तस्करों की हरकत महसूस हुई। जवानों ने तस्करों को चेतावनी दी। उसी समय पाक तस्करों ने बीएसएफ पर फायरिंग कर दी।

## सरकार की योजनाएं

### अब तक एक करोड़ 61 लाख मजदूरों का पंजीयन, श्रम कल्याण मंडल की विभिन्न योजनाओं में भी लाभ

# मजदूरों के हित में सर्वाधिक योजनाएं अमल में लाने वाला राज्य बना मध्यप्रदेश

भोपाल ● यशभारत
yashbharat.co.in

मजदूरों के लिए मुख्यमंत्री जन-कल्याण संबल योजना सहित 22 प्रकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के संचालन के साथ मध्यप्रदेश मजदूर परिवारों के हित में सर्वाधिक योजनाएं अमल में लाने वाला राज्य बन गया है। इन योजनाओं का लाभ देने के लिए श्रम सेवा पोर्टल काम कर रहा है। मप्र में मुख्यमंत्री जन-कल्याण (संबल) योजना में पिछले डेढ़ दशक में 5 लाख 25 हजार मजदूरों को 4917 करोड़ रुपये की सहायता दी हुई है। अब तक एक करोड़ 61 लाख मजदूरों का पंजीयन किया गया है। कोविड संक्रमण के कठिन समय में श्रमिक परिवारों को इन योजनाओं से भरपूर मदद मिली थी।मप्र में वित्तीय वर्ष 2022 में श्रम कल्याण मंडल की विभिन्न योजनाओं में 6646 श्रमिकों को 4 करोड़ 30 लाख 67 हजार रुपए की सहायता दी गई। चालू वित्त वर्ष में अब तक मंडल की विभिन्न योजनाओं में 2043 मजदूरों को एक करोड़ 41 लाख 18 हजार रुपए की सहायता दी गई है। इन योजनाओं के प्रारंभ से अब तक 5 लाख 86 हजार मजदूरों को रू. 35 करोड़ 77 लाख की सहायता दी गई। उल्लेखनीय है कि विवाह सहायता, शिक्षा सहायता, सुपर 5000 कक्षा-10, सुपर 5000 कक्षा-12, आवास, सायकल अनुदान, औजार उपकरण खरीदी योजना, अनुग्रह सहायता, रैन बसेरा निर्माण, खिलाड़ी प्रोत्साहन और निर्माण श्रमिक शेड जैसी योजनाओं में 178 करोड़ रूपये सहायता 27 हजार प्रकरणों में दी गई।





**मध्य प्रदेश में श्रमिकों के लिए सर्वाधिक योजनाएं**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशों पर श्रमिक बन्धुओं के लिए मध्य प्रदेश में सर्वाधिक योजनाएं चलाई जा रही हैं। इनमें अनुग्रह सहायता, स्थाई एवं अस्थाई रूप से अपंग होने पर सहायता, मध्यप्रदेश श्रम कल्याण बोर्ड के अंतर्गत श्रमिकों को शैक्षणिक छात्रवृत्ति योजना, शिक्षा पुरस्कार योजना, रियायती मूल्य पर कापी वितरण योजना, कन्या विवाह सहायता योजना, कल्याणी सहायता योजना, मुख्यमंत्री जन-कल्याण प्रसूति सहायता योजना, कक्षा दसवीं और 12 वीं के लिए सुपर-5000 योजना, सायकिल और उपकरण खरीदने के लिए अनुदान योजना, उत्तम श्रमिक पुरस्कार योजना, श्रमिक साहित्य पुरस्कार योजना, अनुग्रह सहायता योजना जैसी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

### इस तरह भी की गई मजदूरों की सहायता

मध्यप्रदेश स्लेट पेंसिल कर्मकार कल्याण मंडल के माध्यम से 2008-09 से 2022-23 तक 17 हजार 274 श्रमिकों को 8 करो? 55 लाख रूपये की सहायता दी गई। मध्यप्रदेश भवन एवं संनिर्माण कर्मकार मंडल में दर्ज सभी कामगारों को सहायता दी जा रही है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में मंडल की विभिन्न योजनाओं में 34500 निर्माण श्रमिकों को 275 करोड़ का लाभ दिया गया। योजनाओं के प्रारंभ से अब तक 40 लाख 17 हजार हितग्राहियों को 2592 करोड़ रुपए के हितलाभ दिए गए।

### श्रमिकों की सभी सुविधाओं का ध्यान

मध्य प्रदेश में श्रमिकों को ओवरटाइम के लिए उनकी सहमति जरूरी है। श्रमिकों को न्यूनतम वेतन और महंगाई भत्ता दिया जाना तथा नियम अनुसार समय-सीमा में वेतन का भुगतान किया जाना आवश्यक है। कामगारों का स्वास्थ्य नियमित परीक्षण कराया जा रहा है। हाल में 35 शिविर लगाकर 7000 श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

» न्यूज गैलरी

### अमित बने सी.ओ.डी. श्रमिक सेवा संघ के अध्यक्ष



**जबलपुर यशभारत।** सीओडी श्रमिक सेवा संघ के चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुए जिसमें अध्यक्ष अमित कुमार बैन चुने गए। इसके साथ ही महासचिव मो.शमीम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार झाड़े एवं उपाध्यक्ष भरत लाल को चुना गया। पदभार ग्रहण करने के अवसर पर संघ के सदस्यों ने बधाइयां देते हुए उम्मीद जताई कि कर्मचारियों की समस्याओं को पुरजोर तरीके से प्रशासन के समक्ष रखा जाएगा।

### सखी मेले में ग्रीन क्वीन प्रतियोगिता से सभी को किया आकर्षित



**जबलपुर,यशभारत।** मेरी पहचान नारी शक्ति ओम सेवा मंडल और अखिल भारतीय कायस्थ महासभा अधारताल द्वारा हरियाली तीज के अवसर पर सखी मेला का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न तरह की प्रस्तुति पेश किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ग्रीन क्वीन प्रतियोगिता रही जिसमें प्रथम स्थान खुशबू श्रीवास्तव, द्वितीय स्थान नीलू विश्वकर्मा एवं तृतीय स्थान पूनम यादव प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर अन्नू सिंह की धर्मपत्नी यामिनी सिंह मौजूद रहीं। वहीं कार्यक्रम का संचालन अलका मधुसूदन पटेल और मोनिका वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की संयोजक दृप्ति श्रीवास्तव का कहना था विगत 4 वर्षों से इस कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण है। कार्यक्रम में उमा श्रीवास्तव, इंदु राय गायत्री विश्वकर्मा ,छाया श्रीवास्तव ,स्वाती मिश्रा ,कविता ,शिखा, सुनीता, अंजली सहित अन्य उपस्थित रहीं।

### इक तारा ले खड़ा कबीरा सच्ची राह बताने की रचना ने मोहा मन

**जबलपुर,यशभारत।** चलो जुलाहा बनकर बुन लें तितरे बितरे नातों को, इक तारा ले खड़ा कबीरा सच्ची राह बताने को जैसी शानदार रचनाओं की काव्यकारों द्वारा दी गई प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। मौका था साहित्यिक संस्था अनेकांत के द्वारा श्री जानकीरमण महाविद्यालय आगा चौक जबलपुर में आयोजित काव्य गोष्ठी कार्यक्रम का। लोक संस्कृति से हमें अक्षय आनंद की प्राप्ति होती है, लोक साहित्य में चैतन्य भाव रहता है, इस प्रकार के उद्गार डॉ. पूरनचंद श्रीवास्तव लोक भाषा विज्ञानी की स्मृति में साहित्यिक संस्था अनेकांत की मासिक काव्य गोष्ठी में मुख्य अतिथि राज सागरी एवं कार्यक्रम अध्यक्ष मनोज शुक्ल मनोज ने व्यक्त किए। अतिथियों के रूप में मिथलेश नायक कमल ,प्रभा विश्वकर्मा मंचासीन रहे। विशिष्ट अतिथि प्रतुल श्रीवास्तव ने बुंदेली साहित्य के उन्नयन पर प्रकाश डाला। वहीं मुख्य वक्ता राजेश पाठक प्रवीण ने साहित्य में लोक कला में अपने विचार साझा किये।

# हर-हर महादेव के जयघोष से गूँज उठे शिवालय

## सावन सोमवार और नाग पंचमी का रहा पुण्य संयोग

**जबलपुर, यशभारत।** नागपंचमी और कई योगों के बीच आज सावन के सातवें सोमवार पर शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। शहरी , उपनगरीय क्षेत्रों के अलावा आसपास के अंचलों के शिव मंदिरों में भी भगवान शिव की अर्चना के लिए सुबह से भक्तों के पहुंचने का क्रम शुरू हो गया था। पूजन-अर्चन के साथ भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया और हर- हर महादेव के जयघोष से देवालय गूँज उठे। इस वर्ष सावन में कुल 8 सोमवार व्रत रखे जाएंगे। जिसमें से आज सावन का 7वां सोमवार बहुत ही खास है क्योंकि इस दिन नाग पंचमी का त्योहार भी मनाया जा रहा है। काल सर्प दोष से मुक्ति पाने के लिए नागपंचमी के दिन भगवान शिव और उनके गण नागदेवता की पूजा का महत्व है। इस बार नागपंचमी पर मुद्रा, शुक्ल और शुभ योग का संयोग बना है।







### नागपंचमी में भी विविध जगह पूजन-अर्चन

सावन सोमवार और नाग पंचमी के संयोग पर शिव उपासना का महत्व काफी बढ़ गया है क्योंकि नाग पंचमी पर नाग देवता की पूजा की जा रही और सावन सोमवार पर भगवान शिव की। मंदिर में भक्तों ने विल्व पत्र, धतूरा, रोली, चन्दन से भगवान शिव का पूजन किया। शिवलिंग पर जलाभिषेक करने के लिए लंबी कतार लगीं। शहर में गुप्तेश्वर महादेव मंदिर, विजयनगर स्थित भगवान शिव मंदिर, ग्वारीघाट स्थित सोमेश्वर धाम, साकेतधाम, गढ़ा, अधारताल, रानीताल, मदनमहल स्थित शिवमंदिरों में लोगों ने सुबह से ही शिव शंभू की पूजा अर्चना शुरू की। गैबीनाथ मंदिर पुरवा नर्मदाजल द्वारा भोलेनाथ का अभिषेक किया। लोग शिव शंभू के जयकारे लगाते हुए नजर आए। गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन, पूजन के लिए कतारें लगीं। मदनमहल की पहाड़ी पर शारदा मंदिर में झण्डा चढ़ाने बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। गाजे-बाजे के साथ झंडा लेकर श्रद्धालुओं की टोलियां मदनमहल पहाड़ी पर स्थित शारदा देवी के मंदिर में आस्था पूर्वक भगवती को झंडे अर्पित किए।

### 1999 और 2019 में बना था संयोग

सोमवार के दिन नागपंचमी का संयोग इससे पहले 2019 और उससे 1999 में भी बना था। इस साल श्रावण में पुरुषोत्तम मास का भी संयोग बना था। सोमवार व नागपंचमी पर विविध आयोजन चल रहे हैं। जिलेभर के तमाम देवालयों व नाग मंदिरों में सावन सोमवार के साथ नागपंचमी पर्व मनाया जा रहा है। व्यायाम शालाओं में भी विशेष पूजन कर व्यायाम शाला के पदाधिकारी, स्वयंसेवक नगर में विभिन्न मंदिरों में पहुंचकर पूजन अर्चन में जुटे है। वहीं शहर व ग्रामीण अंचलों में दंगल आयोजित किए जा रहे हैं।

### रुद्राभिषेक का है विशेष महत्व

# अपने आप में दुर्लभ है खारी घाट शिव पंचायतन मंदिर





**जबलपुर, यशभारत।** नर्मदा तट गौरीघाट स्थित हजारों वर्ष प्राचीन शिव पंचायत मंदिर में रुद्राभिषेक का विशेष महत्व है। पौराणिक ग्रंथों के आधार पर नर्मदा तट पर शिव पंचायतन मंदिर अपने आप में दुर्लभ माना गया है। नर्मदा तट पर सैकड़ों वर्ष पूर्व वैदिक वास्तु परिकल्पना के साथ शिवपंचायतन मंदिर का निर्माण किया गया था । खारी घाट स्थित इस मंदिर में महादेव के साथ गणपति, जगदम्बा, विष्णु और सूर्य देव पंचायतन विधि से प्रतिष्ठित हैं। यहां मध्य में भगवान शिव विराजमान हैं। आग्नेय कोण में सूर्य, नैऋत्य में गणपति, वायव्य कोण में आदि शक्ति जगदम्बा और ईशान कोण में भगवान विष्णु विराजमान हैं। चार द्वार वाले इस शिवपंचायतन मंदिर से जुड़े राधेश्याम शर्मा शास्त्री का कहना है कि मंदिर की प्राचीनता का प्रमाण यहां की दीवारों पर लिखी प्राकृत भाषा से पता लगता है। उन्होंने बताया कि 18 वर्षों से यहां शिवरात्रि के आठों प्रहर 11 ब्राह्मण लघु रुद्री पाठ के साथ शिव की आराधना कर रहे हैं।सावन सोमवार को रुद्राभिषेक में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। शिव पंचायतन के पूजन एवं अभिषेक का शास्त्रों में विशेष महत्व बताया गया है। यहां यह बताना भी जरूरी है कि चशिव पंचायतनज्की स्थापना जहां पर भी होती है वहां पर शिव रात्रि के विभिन्न पहरों में पूजन व अभिषेक विशिष्ट फलदायी होता है। पंचायतन मंदिर को अपने आप में दुर्लभ माना गया है। इस मंदिर में जिसका बुलावा नहीं होता, वह दर्शन करने भी नहीं पहुंच सकता। इस प्राचीन मंदिर में शाम 6 बजे से प्रारम्भ होकर सुबह तक होने वाले अभिषेक का दर्शन करने का महत्व भी किसी पूजन से कम नहीं है। श्रद्धालुओं को अभिषेक के लिए आवश्यक सामग्री आदि आयोजकों द्वारा ही उपलब्ध कराई जाती है।

## वित्तीय साक्षरता में निवेश और बैंक खातों का महत्व बताया



**जबलपुर,यशभारत।** शासकीय मोहनलाल हरगोविंददास महिला गृह विज्ञान एवं विज्ञान महाविद्यालय होम साइंस कॉलेज जबलपुर में इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया आई सी ए आई की जबलपुर शाखा का वाई 20 ( युवा 20 ) के अंतर्गत छात्राओं के लिए वित्तीय और टेक्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विशेषज्ञों ने बैंक खाते ऑपरेट करने में सावधानी अपनाने और अपने धन को सुरक्षित निवेश करने के आसान उपाय बताए। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर नंदिता सरकार ने कहा कि वित्तीय साक्षरता एक ऐसी क्षमता है जो लोगों को अपने वित्तीय निर्णयों को समझने और लेने में मदद करती है। यह एक महत्वपूर्ण कौशल है जो लोगों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने, जोखिम को कम करने और अपने धन को सुरक्षित करने में मदद कर सकता है। आई सी ए आई जबलपुर शाखा के चेयरमैन सी ए कमल वलेचा ने कहा कि निवेश और बैंक खाते वित्तीय साक्षरता के दो महत्वपूर्ण पहलू हैं। निवेश लोगों को अपने पैसे को बढ़ाने और अपने भविष्य के लिए धन जमा करने का एक तरीका प्रदान करते हैं। बैंक खाते लोगों को अपने पैसे को सुरक्षित और आसानी से सुलभ रखने में मदद करते हैं। सी ए आकृति अग्रवाल ने बैंक खाते ऑपरेट करने के सरल तरीके और सुरक्षित रखने के सावधानी बताते हुए कहा कि बैंक खाते लोगों को अपने पैसे को सुरक्षित और आसानी से सुलभ रखने में मदद करते हैं।

### प्रत्येक निवेश में जोखिम और लाभ होते हैं...

सी ए प्राप्ति संघवी ने निवेश का महत्व बताते हुए कहा कि निवेश लोगों को अपने पैसे को बढ़ाने और अपने भविष्य के लिए धन जमा करने का एक तरीका प्रदान करते हैं। निवेश कई तरह के होते हैं, जिनमें स्टॉक, बॉन्ड, म्यूचुअल फंड और रियल एस्टेट शामिल हैं। प्रत्येक प्रकार के निवेश के अपने जोखिम और लाभ होते हैं। कार्यक्रम में डॉक्टर निशा आर्या, डॉक्टर ज्योति जैन , समेत बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी ।

## सुंदरकांड के पाठ से होते है सुंदर कार्यः आचार्य श्रीकांत भार्गव

**जबलपुर,यशभारत।** माँ चण्डी दरबार, कोतवाली बाजार में भगवान आशुतोष का रुद्राभिषेक ,एवं हनुमत श्रृंगार किया गया। इस मौके पर सुंदरकांड का आयोजन भी किया गया। आचार्य श्रीकांत भार्गव ने कहा कि सुंदरकांड के पाठ से सुंदर कार्य संपन्न होते हैं। इस मौके पर सभी भक्तों ने मिलकर प्रभु का नाम जपा और फिर प्रसाद का वितरण किया।




## वृंदोत्सव में बिखरा उप शास्त्रीय संगीत का जादू




**जबलपुर, यशभारत।** त्रिलोक संस्था जबलपुर एवं महाकौशल शहीद स्मारक ट्रस्ट सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के सहयोग से शास्त्रीय संगीत पर आधारित *वृंदोत्सव* शहीद स्मारक प्रेक्षागृह गोल बाजार में संपन्न हुआ, कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि कुलजीत सिंह सेंगर ( शास्त्रीय एवं गजल गायक )एवं विशिष्ट अतिथि सजल सोनी (संगीतकार ) ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके की। संस्था के पदाधिकारियों ने अतिथियों का माल्यार्पण और शॉल भेंटकर स्वागत किया। यह कार्यक्रम उप शास्त्रीय संगीत पर आधारित था जिसमें चैती,दादरा,कजरी,होरी की प्रस्तुतियां डॉक्टर शिप्रा सुल्लेरे के मार्गदर्शन में दी गई, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा , जिसमें सारंगी पर भोपाल से पधारे शीराज हुसैन खान ,तबले पर लोकेश मालवीय और मनु कौशल, हारमोनियम पर राजवर्धन पटेल, और गायक वृंद में थी मुस्कान सोनी, उन्नति तिवारी, शालिनी अहिरवार,अदिति पटेल,माही सोनी,श्रेया ठाकुर, श्रुति जैन,रंजना केवट, सखी जैन और माही सोनी, कार्यक्रम के अंत मैं डॉक्टर शिप्रा सुल्लेरे ने धन्यवाद ज्ञापित किया एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर अतिथियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर शहर के संगीत प्रेमी, नाट्य लोक परिवार, श्रीजानकी रमन परिवार उपस्थित था 7मंच संचालन सत्यम तिवारी ने किया।

## ऊर्जा संरक्षण व बिजली चोरी पर आधारित ब्लैक आउट चेप्टर- 2 पुस्तिका का विमोचन



**जबलपुर, यशभारत।** शक्ति भवन में पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा प्रकाशित कार्टूनों एवं पोस्टरों के माध्यम से बिजली की बचत करने एवं बिजली चोरी रोकने व सौर उर्जा का उपयोग करने समसमायिक ज्वलंत विषय पर आधारित संदेशात्मक चित्रमयी पुस्तिका ब्लैक आउट चेप्टर 2 का विमोचन पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी एवं अति मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) सरोज गिरिया द्वारा किया गया। उपरोक्त पुस्तिका में महेश दुबे, सहायक यंत्री एम.टी.आर.यू. संभाग द्वारा निर्मित कार्टूनों और पोस्टर के माध्यम से बिजली चोरी करने पर होने वाले सामाजिक व कानूनी दुष्परिणाम व ऊर्जा की बचत के लान और सौर ऊर्जा के भविष्य में अधिकाधिक उपयोग किये जाने के लिए जनसामान्य में जागरूकता व गंभीरता लाने का अभिनव प्रयास किया है। उन्होनें ब्लैक आउट पुस्तिका में कार्टूनों के माध्यम से समाज व वर्तमान पीढ़ी को एक नयी दिशा व सकारात्मक उत्तरदायित्व का बोध कराने का सजग प्रयास किया है। समारोह में ट्रांसमिशन कम्पनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी एवं जनरेशन कम्पनी के प्रबंध संचालक मंजीत सिंह एवं पॉवर मेनेजमेंट कम्पनी के मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) राजीव गुप्ता उपस्थित रहे। संचालन पंकज स्वामी वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी पॉवर मेनेजमेंट कम्पनी द्वारा किया गया।

## आपातकालीन बचाव, सीपीआर प्रशिक्षण और प्राथमिक चिकित्सा पर दी गई अहम जानकारी



**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर की सीए शाखा और स्टूडेंट एसोसिएशन जबलपुर द्वारा प्रोजेक्ट हेल्प के तहत एक अद्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसने छात्रों को आपातकालीन बचाव, सीपीआर प्रशिक्षण, प्राथमिक चिकित्सा, और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत किया। इस कार्यक्रम में जबलपुर सीए स्टूडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए शांतनु सिंह चौहान ने बताया सीए छात्र पढाई के साथ-साथ अपने सामाजिक कर्तव्यों को ध्यान में रखते हुए एक जिम्मेदार नागरिक भी बनें। जबलपुर सीए शाखा के अध्यक्ष सीए कमल वलेचा ने राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) के इंस्पेक्टर श्री सुधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में 11-बटालियन टीम, वाराणसी एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के समिति सदस्य सुधीर गर्ग का कार्यक्रम में स्वागत किया।

आपातकालीन बचाव, सीपीआर प्रशिक्षण, प्राथमिक चिकित्सा और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में बेहद महत्वपूर्ण जानकारी का परिचय देने के लिए यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। छात्रों को उनके आसपास होने वाली भूकंप, बाढ़, बिजली गिरना, सर्पदंश जैसी आपातकालीन स्थितियों में सही प्रतिक्रिया देने के तरीकों का प्रशिक्षण देने का मुख्य उद्देश्य था। कार्यक्रम के प्रमुख विशेषज्ञों ने छात्रों को सीपीआर प्रशिक्षण और प्राथमिक चिकित्सा की महत्वपूर्ण बातें सिखाई ताकि वे आपातकालीन परिस्थितियों में अपने कौशल में सुधार कर सकें।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल छात्रों को आपदाओं से निपटने के लिए तैयार करेगा बल्कि यह उन्हें समाज में सजग और सक्रिय नागरिक के रूप में भी तैयार करेगा। छात्रों को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से संबंधित गहरी जानकारी प्राप्त होने के बाद उन्होंने स्वयं को आपातकालीन परिस्थितियों में अधिक सक्षम बनाने का आकलन किया।

## लौट आया कबीर संग्रह का मानस भवन में हुआ लोकार्पण



**जबलपुर,यशभारत।** शहर की वरिष्ठतम पीढ़ी के पत्रकार कवि लेखक एवं दार्शनिक चिंतक राजेंद्र तिवारी प्रज्ञेय के दोहा संग्रह लौट आया कबीर का लोकार्पण अखिल भारतीय प्रगतिशील लेखक संघ के 18 वें राष्ट्रीय अधिवेशन के उद्घाटन समारोह के अंतर्गत मानस भवन में हुआ। इस अवसर पर क्युबा के राजदूत अलेक्सांदर मारेन इप्टा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रसन्ना, वरिष्ठ कवि एवं लेखक गण मलय , कुंदन सिंह परिहार,विनीत तिवारी, सुखदेव सिंह सिरसा, पुनीलम, विभूति नारायण राय , नरेश सक्सेना, सेवाराम त्रिपाठी एवं संग्रह के समीक्षक डॉ निशा तिवारी, रमेश सैनी, इंदु श्रीवास्तव, डॉ स्मृति शुक्ला, वरिष्ठ कवि राजेंद्र शर्मा, संग्रह के सम्पादक संजुल शर्मा सहभागी रहे। जानकारी के अनुसार संग्रह के प्रकाशक एवं प्रज्ञेय जी के पुत्र पत्रकार प्रकाश तिवारी एवं उनके परिजन उपस्थित रहे संग्रह का संपादन युवा आलोचक डॉक्टर संजुल शर्मा ने किया है जबकि मुख्य पृष्ठ अवधेश बाजपेई ने एवं भीतरी रेखाचित्र विनय अम्बर ने तैयार किये हैं।

## चौरसिया समाज ने नागपंचमी पर्व मनाया



**जबलपुर, यश भारत।** नागपंचमी पर्व हर साल सावन माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी पर शिव जी के साथ ही नाग देवता की भी विशेष पूजा की जाती है, इसी तारतम्य में चौरसिया समाज जबलपुर के द्वारा नागपंचमी पर्व एवं चौरसिया दिवस के पावन अवसर पर आज पानदरीबा स्थित भगवान गौरी शंकर मंदिर ट्रस्ट में चौरसिया समाज, नवयुवक मंडल, महिला मंडल एवं पान व्यापारी संघ के सभी सदस्यों ने नाग देवता का पूजा पूजन-अर्चन,आरती, ध्वजारोहण के साथ ही प्रसाद वितरण किया गया। चौरसिया समाज जबलपुर के अध्यक्ष प्रमोद चौरसिया ने बताया कि परम्परा अनुसार चौरसिया समाज के पान कृषक नागपंचमी पर पान बरेजों में नागबेली अर्थात पान की पूजा विधि विधान से करते है और नाग देवता को अपना आराध्य मानते है।इस अवसर पर प्रमोद चौरसिया, योगेश चौरसिया, प्रकाश चौरसिया, अखिल चौरसिया, हरीश चौरसिया ऋषि चौरसिया, राजेश चौरसिया, रामू चौरसिया, राहुल चौरसिया, मोहनी चौरसिया, गोपाल नारायण चौरसिया, अतुल चौरसिया, अनिकेत चौरसिया, सुशील चौरसिया, आशीष चौरसिया, संदीप चौरसिया आदि उपस्थित थे।

## आगा चौक दरगाह से निकला चादर जुलूस



**जबलपुर,यशभारत।** आगा चौक के पास हज़रत शाह मीरजा मुर्तुजा हुसैन कादरी रहमतुल्ला अलेह के उर्स के मौके पर आगा दरगाह में दोपहर 2 बजे कुरान खूवानी का एहतेमाम किया गया। जिसके बाद चादर शरीफ का जुलूस निकाला गया। जो गश्त करते हुए रानीताल स्टेडियम के सामने बारादरी से होते हुए आगा चौक दरगाह पहुँचा । जहाँ परंपरानुसार मज़ार शरीफ पर चादर पोशी व गुल पोशी की गई। बाद नमाज़ मगरिब महफ़िलें समा का आयोजन किया गया जिसमे दरबारी कव्वाल ने एक से बढ़कर एक सूफियाना कलाम पेश किए जिसमे समाईन ने दिल खोलकर नजराना पेश किया। रात्रि 9 बजे आगा मुहम्मद साहब की दरगाह के सज्जादानशीन हज़रत किब्ला शाह मिरजा हसन निज़ामी ने इंटरनेट ( स्काइप) के माध्यम से अपने बयान फरमाये देर रात्रि तक चले बयान के बाद उर्स शरीफ का समापन हुआ।

**मशीन वाले बाबा के यहाँ अक़ीदतमंदो का जमावड़ा- घंटाघर समीपस्थ हज़रत सआदत हुसैन नक्शबंदी मशीन वाले बाबा की दरगाह मे उर्स के मौके पर अक़ीदतमंदो का जमावड़ा शुरू हो गया है। दूर-दराज से आये अक़ीदतमंद हज़रात नजरो न्याज़ पेश कर रहे हैं। सोमवार बाद नमाज असर खादिमाने दरगाह द्वारा मज़ारे अकदस मे चादर शरीफ पेश की जाएगी एवं नज़रों न्याज़ पेश की जाएगी जिसके बाद तबर्रुक तक़सीम किया जायेगा। रात 10 बजे महफ़िलें मिलाद शरीफ का एहतेमाम किया गया है। बाद नमाज़ फज़्र अलसुबह कुल शरीफ की रश्म अदा की जाएगी।**









## डोरीलाल की चिन्ता

# मुझको यारो माफ करना मैं नशे में हूं



आज एक रिपोर्ट शाया हुई है। पता चला है कि विश्वगुरू भारतवर्ष में 37 करोड़ लोग नशे के शिकार हैं। यह अमेरिका नामक महान देश की कुल आबादी से ज्यादा है। इससे डोरीलाल को प्रसन्नता हुई। इस तरह पराजित किया जाता है पश्चिमी संस्कृति को। हमें गर्व करने के लिए एक और बात मिल गई। हम कह सकते हैं कि हमारे देश में जितने लोग टुन्न रहते हैं उतनी तुम्हारे देश की आबादी नहीं है। यानी जितने लोग तुम्हारे यहां दिन रात मेहनत करते हैं उतने तो हमारे यहां देश में बिना काम किए ऐश करते हैं। अर्थात हम आपके देश की अर्थव्यवस्था से ज्यादा ब?ी अर्थ व्यवस्था हैं। आजकल गर्व करने का यही पैमाना है। साहब ऐसा मानकर चल रहे हैं कि उनके ये तर्क और दावें आम जनता दिल से मान लेती है। सही बात है क्योकि 37 करोड़ लोग तो ऑल रेडी नशे में हैं। उनको जो कहोगे वो मान लेंगे। दिल जो भी कहेगा मानेंगे दुनिया में हमारा दिल ही तो है। नशा 37 करोड़ करते हैं और 2019 में बीजेपी कांग्रेस को कुल 35 करोड़ वोट मिले थे। ये पता करना है कि जिन लोगों ने वोट दिया वो किस केटेगरी के थे। नशे वाले या बिना नशे वाले। ये पता करना मुश्किल है क्योंकि पिछले दस सालों में भक्ति के नशे की एक नई कैटेगरी बन गई है। भक्त अलग नशे में चूर हैं। शराबी नशेड़ी तो कभी कभी बिना नशे के रह लेते हैं मगर भक्त हमेशा नशे में रहते हैं। रात को उठकर हाउ डी हाउ डी करते हैं। ये नशा इन्टरनेशनल भी है।

हम विश्वगुरू हैं। अब कोई शक तो रहा नहीं। इस विश्वगुरू देश की एक भी यूनिवर्सिटी दुनिया की टॉप 100 में नहीं हैं। मगर विश्वगुरू हैं। इस देश में सरकारी ग्रेडिंग में जो प्रथम तीन यूनिवर्सिटी हैं - आई आई ऑफ साइंस बेंगलुरु, जे एन यू, और जामिया मिलिया हैं। जे एन यू और जामिया मिलिया सरकार को फूटी आंखो नहीं सुहातीं। इनके खिलाफ सरकार ही आंदोलन करती है। अनपढ और शिक्षित दोनों भक्त इन्हें गाली देते हैं। इनको विनष्ट करने की कोशिशें जारी हैं। विश्वगुरू देश में शिक्षा का स्तर इतना ऊंचा है कि पिछले 5 सालों में 25 लाख छात्र विदेशों में मंहगी फीस दे देकर लाखों रुपये का कर्जा लेकर दाखिला ले चुके हैं और ये सिलसिला जारी है।

देश में शिक्षा संस्थानों और विश्वविद्यालयों में व्यवस्था की क्या हालत है इसका पता अभी ताजा घटना से चलता है। अशोका यूनिवर्सिटी देश की प्रसिद्ध यूनिवर्सिटी है। उसके अर्थशास्त्र विभाग के प्रो सव्यसाची दास को निकाल दिया गया। उनने देश के 12 संसदीय क्षेत्रों के चुनाव परिणामों और कारणों का अध्ययन किया था और ये पाया था कि सत्ताधारी दल की जीत सुनिश्चित करने के लिए बहुत से हथकंडे अपनाए गए। ये उनकी एक रिसर्च थी। यूनिवर्सिटी ने अपने प्रोफेसर की रिसर्च की परवाह नहीं की। सरकार की नाराजगी की परवाह की। इसी यूनिवर्सिटी के दो विद्वान प्रतापभानु मेहता और अरविंद सुब्रमनियम पहले ही इस्तीफा दे चुके हैं। जिस देश में पढाई, अध्यापन, और रिसर्च सरकार को खुश रखने के लिए होगा वहां से 25 लाख छात्र विदेशों में भागेंगे ही। विदेशी विश्वविद्यालयों की चांदी है। वो भी एक बाजार है। उसके लिए मंहगे लोन दिए जाते हैं। स्कॉलरशिप दी जाती है। जो विदेश में पढ़ने जाता है वो प्रायः लौटता नहीं है। डालर और पौंड कमाता है।एक बड़ी बात ये हुई है कि सव्यसाची दास के समर्थन में देश के बड़े नामीगिरामी शिक्षा संस्थानों के 111 प्रोफेसरों ने बयान जारी किया है। यूनिवर्सिटी को कहा है कि वो सव्यसाची को वापस ले और अध्ययन अध्यापन को सरकारी हस्तक्षेप से बचाया जाए। रिसर्च और अध्ययन को आजाद किया जाए। अशोका यूनिवर्सिटी के समस्त शिक्षकों ने भी कह दिया है कि तत्काल फैसला करो वरना हम नहीं पढ़ायेंगे। छात्रों ने भी कहा है कि हमारे शिक्षक को तत्काल वापस लिया जाए और यूनिवर्सिटी में सरकार के डर का माहौल खत्म हो। पहले विश्वविद्यालय प्रोफेसरों की कीर्ति से जगमगाते थे। अब विश्व विद्यालय पढाई और रिसर्च के लिए तो नहीं जाने जाते। शिक्षकों में भी जबरदस्त भक्ति भावना का संचार हो चुका है। भक्ति करो। पढ़ाने की क्या जरूरत। इस देश में सत्ताधारी इतनी जबरदस्त ताकत के बावजूद इतना डरा हुआ क्यों है ? अनअकादमी के एक शिक्षक को केवल एक वाक्य के कारण नौकरी से निकाल दिया गया।

**-डोरी लाल शिक्षा प्रेमी**

---

**गौरीघाट के ग्राम छेवला के रहने वाले ग्रामीण परेशान, रात भर चौकीदारी करने मजबूर**

# घरों में रात में बरसने शुरू हो जाते है पत्थर

**जबलपुर,यश भारत।** गौरी घाट के ग्राम छेवला में रहने वाली ग्रामवासी इन दिनों खांसे परेशान नजर आ रहे हैं। जिसके पीछे कारण है कि, रात होते ही इनके घरों में बड़े-बड़े पत्थर गिरने शुरू हो जाते हैं। लोगों का कहना है कि यह पत्थर कहां से आ रहे हैं यह जांच पड़ताल करने के बाद भी अभी तक मालूम नहीं पड़ा।ग्रामीणजनों का कहना है कि, किसी अदृश्य ताकत द्वारा लोगों के घरों में पत्थर फेक जा रहे हैं। लिहाजा उन्होंने तांत्रिक और गुनियों को बुलवाकर अपनी समस्या हल करने का प्रयास किया, लेकिन यह समस्या कम होने के बजाय और बढ़ गई है। ग्रामीण बताते हैं की रात 10 बजे के बाद से लोगों के घरों में बड़े-बड़े पत्थर गिरने शुरू हो जाते हैं। जिस कारण न केवल बच्चे और महिलाएं बल्कि ग्रामीणजन भी दहशत के साएं में जीने मजबूर हैं।



### रात 10 बजे से शुरू होता है पत्थरों का गिरना

ग्रामीणों ने बताया कि रात 10 बजे से यह क्रम शुरू हो जाता है। 10 बजे से लेकर सुबह 9 बजे तक रुक-रुक पत्थर उनकी छत के साथ पड़ोसियों की छत पर गिरते है। कुछ लोगों के घरों के ऊपर बिछी सीमेंट की शीट और कुछ के घर के खपरैल तक टूट गए हैं। हालांकि अभी तक इन पत्थरों से कोई भी घायल नहीं हुआ है, जिसे लेकर थोड़ी राहत ग्रामीणों में है। ग्रामीण जनों का कहना है कि, रात में 8 बजे से घर की छत पर गिट्टी जितने बड़े पत्थर गिरने की आवाज आना शुरू होती है, जिसके बाद धीरे धीरे बडे पत्थर गिरना शुरू हो जाते है। इससे कई लोगों के घर की छत में बिछी सीमेंट की शीट और खप्पर टूट गये है। हालांकि मामले को लेकर अभी तक ग्रामीण जनों द्वारा पुलिस को शिकायत नहीं की गई है वे कहते हैं कि अगर यह कम बंद नहीं होता है तो वह पुलिस की मदद लेंगे।

**अदृश्य ताकत के भय से सहमें ग्रामवासी.**

### रात रात भर कर रहे हैं निगरानी

यहां के हालात ये है कि, रोजाना ही रात में ग्रामीण जन ऑन की टोली निगरानी कर रही है। लेकिन इन्हें अब तक यह मालूम नहीं चल पाया है, कि यह पत्थर कहां से आ रहे हैं। टीन और छत पर पत्थर गिरने की घटना को पहले ग्रामीणों ने तत्वों की शरारत समझा, लेकिन आसपास ऐसा कोई भी संदिग्ध नजर नहीं आया तो पूरे गांव में दहशत देखने को मिल रही है। ग्रामीणों का कहना है कि उनके गांव के पीछे सेना का क्षेत्र लगता है और आसपास कोई पहाड़ी क्षेत्र भी नहीं है ऐसे में पत्थर गिरना समझ से बाहर है।

---

# शोकॉज नोटिस का जबाव देने के बाद भी क्यों वेतन वृद्धियां रोकने की कार्रवाई हुई- हाईकोर्ट

**जबलपुर, यशभारत।** हाई कोर्ट ने वेतनवृद्धि रोकने के आदेश को अनुचित पाकर निरस्त कर दिया। न्यायमूर्ति मनिंदर सिंह भट्टी की एकलपीठ ने याचिकाकर्ता पुलिस विभाग में पदस्थ जगन्नाथ सिंह मरकाम को राहत देते हुये वर्ष 2013 से संपूर्ण लाभ प्रदान करने के भी निर्देश है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता मनोज कुशवाहा व कौशलेंद्र सिंह ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता पूर्व में सतना जिले में एसडीओपी के पद पर पदस्थ था।

वर्ष 2009 में एक महिला की आत्महत्या मामले में एफएसएल रिपोर्ट न होने के कारण एफआइआर में विलंब हुआ था। इस पर विभाग की ओर से कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। जिसका जवाब दिया गया। जिस पर गौर करने के बाद आइजी ने विभागीय प्रकरण समाप्त कर दिया। इसके बावजूद 10 माह बाद नए सिरे से कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया गया। इस बार भी समुचित जवाब दिया गया। लेकिन अवर सचिव ने तीन वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोके जाने का कठोर आदेश पारित कर दिया। जिसके विरुद्ध अपील पर राज्य शासन ने संशोधित आदेश के जरिये एक वेतनवृद्धि रोकने का आदेश जारी कर दिया। इसीलिए हाई कोर्ट आना पड़ा।

## बस डिपो भूमि नीलामी प्रकरण का पटाक्षेप



**जबलपुर, यशभारत।** हाई कोर्ट ने बस डिपो भूमि नीलामी प्रकरण का निर्देश के साथ पटाक्षेप कर दिया। इसके तहत मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमठ व न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने याचिकाकर्ता को नीलामी की कार्रवाई में अनियमितता व विक्रय-नत्र निरस्त करने के सिलसिले में संबंधित सिविल अदालत में प्रकरण दायर करने स्वतंत्र कर दिया है। याचिकाकर्ता शहडोल निवासी नवीन सोनी की ओर से असीम त्रिवेदी, संजय कुमार शर्मा व रोहिणी कुमार शर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता का पैतृक संपत्ति ग्राम गोरतरा, ग्राम पंचायत गोरतरा, तहसील सोहागपुर, जिला शहडोल में स्थित है। जिससे लगी हुई शहडोल बस डिपो की भूमि है। याचिकाकर्ता की आपत्ति का बिंदु यह है कि बस डिपो की बेशकीमती भूमि की नीलामी के बाद निजी कंपनी ने सड़क बंद कर दी है। इससे याचिकाकर्ता सहित अन्य का आवागमन बाधित हो रहा है। इसीलिए वह नीलामी को चुनौती देने हाई कोर्ट चला आया। हाई कोर्ट ने सिविल कोर्ट जाने स्वतंत्र कर दिया।

### खंड विकास अधिकारी का तबादला आदेश निरस्त

**जबलपुर, यशभारत।** हाई कोर्ट ने डिंडौरी जिले के बाजाग में पदस्थ खंड विकास अधिकारी मुंशीलाल धुर्वे के तबादला आदेश को अनुचित पाया। इसी के साथ निरस्त कर दिया। न्यायमूर्ति नंदिता दुबे की एकलपीठ के समक्ष याचिकाकर्ता का पक्ष अधिवक्ता आशीष त्रिवेदी, असीम त्रिवेदी व अपूर्व त्रिवेदी व आनंद शुक्ला ने रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के विपरीत स्थानांतरित किया गया है। इसीलिए स्थानांतरण आदेश चुनौती के योग्य है। नियमानुसार जनपद पंचायत सिहोरा, जिला जबलपुर भेजे जाने का आदेश निरस्त किया जाना चाहिए। याचिकाकर्ता को पहले ही सेक्टर अधिकारी के रूप में नियुक्त किया जा चुका था। ऐसे में उसे स्थानांतरित करना मनमानी की परिधि में आता है। इस तरह के आदेश विधि के राज्य में मान्य नहीं हो सकते। इनसे अराजकता फैलती है। हाई कोर्ट ने

---



## विधायक विनय सक्सेना का सम्मान

**जबलपुर, यशभारत।** कमला नेहरू नगर व्यापारी संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उत्तर मध्य विधायक विनय सक्सेना उनके द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर उनसे मांग की गई कि गणेश नगर पुष्प नगर पत्रकार कॉलोनी गढ़ा मुख्य मार्ग से क्रॉसिंग कछपुरा ब्रिज मार्ग से जोड़ा जाए ताकि आवागमन सुगम हो सके। इस मौके पर धनंजय बाजपेई, विजय गुप्ता विनय शर्मा संदीप अंकित गुप्ता योमेश चौधरी विजय साहू रमेश कोहली आदि उपस्थित थे।

## जरूरतमंद बच्चों को किया दूध का वितरण



**जबलपुर, यशभारत।** उड़ान वेलफेयर फाउंडेशन के द्वारा पीड़ित मानवता की सेवा निरंतर की जा रही है। उड़ान वेलफेयर फाउंडेशन के द्वारा 1000 लीटर दूध का वितरण जरूरतमंद बच्चों को मांडव बस्ती में जाकर दूध का वितरण किया। फाउंडेशन का उद्देश्य बच्चों को हेल्दी डाइट एवं हेल्थी खान पान के बारे में बताना है। इस कार्यक्रम में अशोक तिवारी ,नीना गुप्ता प्रवीण गुप्ता ,अशोक गुप्ता ,सौरभ कुशवाहा , अंकित कुबेर ,रितेश गुप्ता ,जी टी आर सनोरिया एवं संस्था के अध्यक्ष प्रीति गुप्ता उपस्थित रहीं।

---

**विगत दो माह में सप्लायर सहित 24 नशे के कारोबार मे लिप्त आरोपियों को गिरफ्तार कर 71 हजार नग नशीले इंजैक्शन किये गये हैं जप्त**

# नशे के कारोबारियों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने को लेकर पुलिस के अधिकारियों का किया सम्मान

**जबलपुर यश भारत। वर्तमान समय में सबसे बड़ी सामाजिक बुराई युवाओं का नशे का आदी होकर अपराधों की ओर उन्मुख होना है, युवा वर्ग मादक पदार्थ गांजा, स्मैक, आदि का नशा न कर कुछ नशीली दवाओं का इस्तेमाल नशे के रूप में कर रहा है इसकी सबसे बड़ी वजह नशीली दवायें जो बिना डाक्टर के प्रिस्कृप्शन के नहीं मिलना चाहिये, आसानी से मिल जा रही है।**






नशीली दवाओं का सेवन निश्चित तौर पर युवा पीढी को खोखला कर रहा है, नशे का आदी हो जाने पर नशे की पूर्ति हेतु युवा वर्ग चोरी, लूट, नकबजनी जैसी घटनायें करने लगते हैं, जिसे ध्यान मे रखते हुये पुलिस अधीक्षक जबलपुर श्री तुषार कांत विद्यार्थी (भा.पु.से) द्वारा नशीले इंजैक्शन/दवाई के कारोबार पर अंकुश लगाने हेतु आदेशित किये जाने पर योजनाबद्ध तरीके से कार्यवाही करते हुये पिछले 2 माह में ड्रग सप्लायर सहित 24 नशे के कारोबारियों को गिरफ्तार कर लगभग 71 हजार नशीले इंजैक्शन कीमती लगभग 50 लाख रूपये के जप्त करते हुये सभी के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की गयी।जबलपुर कैमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसियेशन के द्वारा जबलपुर पुलिस द्वारा ड्रग सप्लायर सहित नशे के कारोबारियों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने को लेकर जबलपुर पुलिस के अधिकारियों का किया सम्मान किया गया। पुलिस अधीक्षक तुषार कांत विद्यार्थी (भा.पु.से) ने जबलपुर कैमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसियेशन के सदस्यों को बधाई देते हुये कहा कि जबलपुर कैमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसियेशन के द्वारा नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने हेतु सकारात्मक भूमिका निभाई है, आशा करता हूॅ कि आगे भी इसी प्रकार नशे के कारोबार में लिप्त असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही में अपना सक्रीय योगदान देते रहेंगे। इस अवसर पर जबलपुर कैमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसियेशन के अध्यक्ष सुधीर बठीजा, सचिव चंद्रेश जैन सहित ड्रग एसोसियेशन के पदाधिकारी श्री संजय विश्नोई, श्री रोहित बुधराजा, आजाद जैन आदि उपस्थित थे।

---



# 50 से अधिक सर्पो को किया गया रेस्क्यू

**जबलपुर यश भारत।** नाग पंचमी पर क्रूरता पूर्वक सांपों को पिटारे में बंद कर घूमने वाले सपेरों पर वन विभाग ने आज सीधी कार्रवाई करते हुए 50 से अधिक सर्पो को रेस्क्यू किया है इसमें खास बात यह है कि कुछ नाग ऐसे हैं जो दुर्लभ प्रजाति के हैं कार्रवाई के दौरान दर्जनों सपेरों को भी दबोचा गया है।वनपाल गुलाब सिंह परिहार ने बताया कि हिंदू धर्म में मान्यता है कि नागपंचमी पर्व पर नाग के दर्शन करने एवं पूजा करने से पुण्य प्राप्त होता है इसी मान्यता के चलते सपेरों द्वारा नागपंचमी पर्व के एक-दो माह पूर्व जंगलों से सांपों को पकड़ कर बांस की बनी पिटारी में कैद कर रख लिया जाता है और उन्हें भूखा रखा जाता है, यातना दी जाती है। इसके बाद उनका प्रदर्शन कर पैसे कमाए जाते हैं।

### पांच टीम सक्रिय

जानकारी अनुसार गुलाब सिंह वनपाल ने बताया कि नाग पंचमी को लेकर वन विभाग की पांच टीम सक्रिय हैं जिसमें तीन प्रमुख टीम शहरी क्षेत्र में लगातार कारवाइयां कर रही हैं आज कार्रवाई के दौरान जबलपुर रेलवे स्टेशन ,बस स्टैंड ,अधारताल , गोकलपुर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी टीमों ने कार्रवाइयों की इस दौरान 50 से अधिक सांपों को रेस्क्यू किया जा चुका है फिलहाल कार्रवाई जारी है।

### अनेक दुर्लभ सांपों को किया रेस्क्यू

वन विभाग ने मौके से जानकारी देते हुए बताया कि कार्रवाई के दौरान अनेक दुर्लभ नाग सपेरों के पास पाए गए जिसमें बड़ी संख्या में वह सर्प है जिनकी लंबाई 5 फुट से ज्यादा है और देखने में भयावह है वही सपेरों ने पकड़े जाने पर बताया कि यह उनका पुश्तैनी कार्य है और वह पीढ़ियों से इस कार्य को करते आ रहे हैं सर्प को पकड़ने के बाद वह उसके विश्व दंत निकाल देते हैं ताकि खतरा न हो।

### रखते हैं भूखा प्यासा

वन विभाग की टीम ने बताया कि सपेरे घने जंगलों से सांपों को पकड़ते हैं और उन्हें कई कई दिनों तक भूखा प्यासा रखते हैं जिसके बाद उनको पिटारी में बंद कर गांव शहरों में प्रदर्शन के लिए घुमाया जाता है इस दौरान अनेक सर्प मर जाते हैं। सर्पो को सुरक्षित पकड़ कर उपचार के लिए वेटरनरी कालेज भिजवाया जाएगा।

---

**परियोजना** | **भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा दो परियोजनाओं को मंजूरी**

# वेटरनरी में देशी सुअरों के अध्ययन के साथ पशुधन आबादी पर तेजी से होगा काम

**जबलपुर, यशभारत।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलपति प्रो सीता प्रसाद तिवारी के अथक प्रयासों के बाद विश्वविद्यालय को दो महत्वपूर्ण परियोजना कार्य भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा दिए गए हैं। ये दोनों ही परियोजना कुलपति प्रो सीता प्रसाद तिवारी द्वारा माह अप्रैल 2020 में आई सी ए आर को भेजे थे तथा उसकी मंजूरी हेतु पत्राचार 2020 से जारी था।

ऑल इंडिया कोऑर्डिनेटर रिसर्च प्रोजेक्ट ऑन पिग, जोकि नेशनल रिसर्च सेंटर ऑन पैक गुवाहाटी के संयुक्त तत्वाधान में की जाएगी।परियोजना का उद्देश्य इष्टतम प्रबंधकीय परिस्थितियों में स्वदेशी सूअरों के प्रदर्शन का अध्ययन करना विदेशी सूअरों के साथ स्वदेशी गिल्ट को पार करके क्रॉसब्रेड का उत्पादन करना और फ़ीड रूपांतरण, उत्पादन और प्रजनन की उनकी दक्षता के संबंध में उनके प्रदर्शन का आकलन करना। पारंपरिक और अपरंपरागत, स्थानीय रूप से उपलब्ध चारा सामग्री के साथ आर्थिक सुअर राशन विकसित करना उन्नत सूअरों की बेहतर नस्ल पैदा करने के लिए आर्थिक अनुपात में तेज वृद्धि के साथ आधी नस्लों में से जानवरों का चयन करना। सूअरों में विभिन्न बीमारियों की घटनाओं का अध्ययन करना, ताकि इष्टतम स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने के लिए अनुसंधान करने के लिए क्षेत्रों का सुझाव दिया जा सके। यह परियोजना कार्य को प्रोफ़ेसर विश्वजीत रॉय LPM विभाग, विश्वविद्यालय की ओर से मुख्य अन्वेषक के रूप में कार्य करेंगे।

दूसरा परियोजना कार्य मध्य प्रदेश के स्वदेशीय पशुधन नस्ल के कैरक्टराइजेशन (लक्षण वर्णन )के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद - राष्ट्रीय पशु आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, करनाल द्वारा नेटवर्क प्रोजेक्ट है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य मध्य प्रदेश की गैर वर्णित पशुधन आबादी के वितरण को जानने के लिए एक विस्तृत भौगोलिक सर्वेक्षण किया जाएगा जिसे फिर NBAGR के दिशा निर्देशों के अनुसार चयनित गैर वर्णित पशुधन आबादी पर लक्षण वर्णन और नाम निर्धन का कार्य किया जाएगा। इस परियोजना के तहत विश्वविद्यालय द्वारा विस्तृत सर्वेक्षण, जनसंख्या की जानकारी की रिकॉर्डिंग, पशुपालकों द्वारा अपनाई गई प्रबंधन पद्धतियां, प्रबंधन आवास, आहार, प्रजनन विधि के साथ-साथ पशुओं की शारीरिक माप, उत्पादन क्षमता और प्रजनन रिकॉर्ड स्वदेशी पशुओं की शारीरिक विशेषताएं और विस्तृत मार्फोमैट्रिक लक्षणों को एनबीएजीआर करनाल के दिशा निर्देशों के अनुसार माप और दर्ज किया जाएगा।

---

## पीपुल्स अधिकार पार्टी द्वारा सोशल मीडिया टीम लीडर्स बनाए गए

जबलपुर। इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के द्वारा मध्यप्रदेश विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव की तैयारी लगातार की जा रही है। इस संबंध में मध्यप्रदेश के चुनाव प्रभारी लक्ष्मीनारायण तौमर के द्वारा 112 विधानसभा क्षेत्रों में सोशल मीडिया के टीम लीडर्स की नियुक्ति आज की गई । यह सभी टीम लीडर्स अपने-अपने शहरों में इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार करेंगें तथा सोशल मीडिया के सभी मंचों पर पार्टी की गतिविधियाँ एवं नीतियों को जनता तक ले जायेंगे। इस संबंध में जबलपुर में मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए सोशल मीडिया का केन्द्र स्थापित किया गया है। जो सभी गतिविधियों का संचालन करेगा। जिन विधानसभा क्षेत्रों / शहरों में नियुक्ति की गई है। वे इस प्रकार हैं। विदिशा, गुढ़, कोलारस, सीधी, राजनगर, गोटेगांव, पोहारी, मौगंज, जयसिंहनगर, भिंड, दमोह, राघौगढ़, सीधी,अधारताल, बड़नगर, जबलपुर पश्चिम, गुना, सवायपुर, रतलाम, उज्जैन, नरेला, शिवपुरी, सबलगढ़, अमरपाटन, पवई, सिहोरा, देवरी, बिआवरा, खिलचीपुर, धवहानी, विदिशा आदि।



## » न्यूज गैलरी

### हीरा निकालने में कई कंपनियों ने दिखाई रुचि सरकार के खजाने में हर साल आएंगे 300 करोड़

**भोपाल, ईएमएस।** रीवा जिले की सोहागी पहाड़ी से हीरा निकालने के लिए देशभर की 24 कंपनियों ने रुचि दिखाई है। खनिज साधन विभाग ने हाल ही में सोहागी पहाड़ी की हीरा खदान सहित मुख्य खनिजों ( चूना पत्थर, मैग्नीज, अभ्रक, फास्फोराइड, बाक्साइड, लाइम स्टोन ) की 51 खदानों के लिए तकनीकी निविदा खोली है, जिसमें पोद्दार डायमंड, मोइल स्पान, गोवा स्पांच, अंबुजा सीमेंट, अल्ट्राटेक, वेदांता, केजेएस सीमेंट, हिंदुस्तान पावर इलेक्ट्रिक सहित अन्य कंपनियां शामिल हैं। सोहागी पहाड़ी पर एक दौर का सर्वे कराया जा चुका है। रिलायंस ने हवाई सर्वे कर पहाड़ी में हीरा होने की संभावना जताई है। अब इस परियोजना को लेने वाली कंपनी खुदाई कर पता लगाएगी कि पहाड़ी में हीरा है, तो किस गुणवत्ता का है और कितना भंडार है। इस सर्वे की रिपोर्ट के आधार पर हीरा निकालने के लिए कुछ वर्ष बाद फिर से निविदा बुलाई जाएगी। बता दें कि छतरपुर की बंदर हीरा खदान की सर्वे भी ऐसे ही कराया गया था। सोहागी पहाड़ी उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद जिले की सीमा से सटी है। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित इन खदानों से खनिज निकलने से राज्य सरकार को तीन सौ करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व सालाना प्राप्त होगा। वहीं सात हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। अब अन्य कार्यों के लिए निविदाएं निकाली जाएंगी।

### मप्र में यात्री बस में अब प्रति सीट 200 रुपये लगेगा टैक्स, ट्रकों की दर भी आठ से घटाकर पांच प्रतिशत

भोपाल , यशभारत। मध्य प्रदेश में पंजीकृत होने वाली आल इंडिया टूरिस्ट परमिट की बसों के मोटरयान टैक्स में राज्य सरकार ने भारी कमी करते हुए अब प्रति सीट 700 रुपये की जगह 200 रुपये कर दिया है। दूसरे राज्यों में पंजीकृत होने वाली बसों को मध्य प्रदेश की ओर पंजीकृत कराने के उद्देश्य से यह टैक्स घटाया गया है। इससे मध्य प्रदेश में पंजीकृत होने वाली आल इंडिया टूरिस्ट बसों में वृद्धि होगी। शनिवार को भोपाल स्थित निवास पर परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत से मिलने आए बस आपरेटर एसोसिएशन आफ एमपी के प्रतिनिधिमंडल की मांग पर मंत्री के निर्देश के बाद परिवहन विभाग ने टैक्स घटाया है। राजपूत ने बताया कि इसी प्रकार प्रदेश में पंजीकृत होने वाले मालवाहक वाहनों पर उनके मानक मूल्य का आठ प्रतिशत लगने वाला टैक्स घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। इसके लिए मोटरयान कराधान अधिनियम 1991 में बदलाव कर संशोधित टैक्स को प्रभावशील किया है।अब घटते क्रम में लगेगा अन्य राज्यों से पंजीकृत होने वाले वाहनों का टैक्स परिवहन मंत्री राजपूत ने बताया कि दूसरे राज्यों से अनापत्ति प्रमाण-पत्र लेकर मध्य प्रदेश में पंजीकृत होने वाले वाहनों के टैक्स में भी ब?ा बदलाव किया गया है। दूसरे राज्यों से पंजीकृत होने वाले वाहनों के लिए मध्य प्रदेश मोटरयान कर जो पूर्व में नवीन वाहनों के हिसाब से लिया जाता था। उसमें कमी करते हुए अब वाहन की आयु के अनुपात में प्रतिवर्ष के मान से घटते क्रम में यह टैक्स लिया जाएगा। इससे प्रतिवर्ष के हिसाब से पंजीकृत होने वाले वाहनों में मोटरयान टैक्स में भारी कमी आएगी तथा दूसरे राज्यों से मध्य प्रदेश आने वाले पंजीकृत वाहनों की संख्या में इजाफा होगा।

### महापौर के मुख्य आतिथ्य में हरियाली तीज उत्सव समारोह

भोपाल( ईएमएस )। महापौर श्रीमती मालती राय के मुख्य आतिथ्य व समाजसेवी श्रीमती रूमा सारंग की विशेष उपस्थिति में करूणा महादेव मंदिर कृष्णा नगर प्रांगण में हरियाली तीज उत्सव समारोह आयोजित हुआ। महापौर श्रीमती मालती राय के मुख्य आतिथ्य में शनिवार को वार्ड क्र. 37 के अंतर्गत करूणा महादेव मंदिर कृष्णा नगर प्रांगण में हरियाली उत्सव समारोह का आयोजन किया गया। महापौर श्रीमती राय व श्रीमती सारंग ने हरियाली तीज उत्सव कार्यक्रम में विधिवत पूजा अर्चना की। महापौर श्रीमती राय ने इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं व आयोजकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर आयोजन समिति के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन मौजूद थे।

---

मुख्यमंत्री ने सीहोर में खजूरी माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का भूमि-पूजन किया

# प्रदेश के हर गांव और हर खेत में पानी पहुँचाने का संकल्प है: मुख्यमंत्री चौहान

**भोपाल, यशभारत। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश के हर गाँव और हर खेत में पानी पहुँचाने का हमारा संकल्प है। प्रदेश में सभी का आर्थिक सशक्तिकरण करके रहेंगे। बहनों की आमदनी कम से कम 10 हजार रुपए करने की कोशिश की जा रही है। मुख्यमंत्री जन आवास योजना के तहत सर्वे कराकर पात्र लोगों को पक्के मकान बनाकर दिए जाएंगे। अपने स्कूल में 12वीं कक्षा में टॉप करने वाले छात्रों को स्कूटर और छात्राओं को स्कूटी दी जाएगी।**



मुख्यमंत्री चौहान सीहोर जिले के भिलाई ग्राम में 1533 लाख 64 हजार रुपए की लागत की खजूरी माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का भूमि-पूजन और बारेला समाज के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में सांसद रमाकांत भार्गव, मुख्यमंत्री चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती साधना सिंह, कार्तिकेय चौहान, मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम की अध्यक्ष श्रीमती निर्मला बारेला, पूर्व मंत्री अंतर सिंह आर्य और जन-प्रतिनिधि तथा ब?ी संख्या में अनुसूचित जनजाति के भाई-बहन उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि पहले इस क्षेत्र में पानी, सिंचाई, बिजली, सड़क की कमी थी। मैंने मुख्यमंत्री बनते ही पानी, सिंचाई, बिजली की सुविधाएँ उपलब्ध कराई और सड़कों का जाल बिछाया। नर्मदा जल, पाइप लाइन बिछाकर घरों में नल से पहुँचाने का कार्य चल रहा है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में बहनों के खाते में हर माह एक-एक हजार रुपए की राशि डाली जा रही है। इसे धीरे-धीरे बढ़ाकर 3 हजार रुपए किया जाएगा। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, गाँव से बाहर पढ़ाई करने जाने वाले विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल प्रदाय योजना सहित अनेक योजनाएँ चलाई जा रही हैं।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि पहले अनुसूचित जनजाति के भाई-बहनों पर अत्याचार, अन्याय होता था। हमारी सरकार ने अनुसूचित जनजाति पर होने वाले अत्याचारों को रोका ही नहीं बल्कि राज्य सरकार विकास के नए कीर्तिमान ग? रही है। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि मैंने पैदल यात्रा निकालकर अनुसूचित जनजाति समाज में जागृति उत्पन्न करने और उनको अपना अधिकार प्राप्त करने के प्रति जागरूक किया। प्रदेश में माफियाओं से जमीन का कब्जा हटाया और गरीबों को पट्टे देने का कार्य किया गया है। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि बेटे-बेटियों की प?ाई- लिखाई में कोई कमी नहीं होने देंगे। युवाओं को स्व-रोजगार के लिए लोन दिया जा रहा है। आज गरीबों को मुफ्त में राशन, बेटियों की शादी, ला?ली बहनों को एक हजार रुपए देने जैसी कई योजनाएँ क्रियान्वित कर लोगों की जिंदगी बदलने का कार्य किया जा रहा है।

---



# एम्स भोपाल में फाइब्रोस्कैन की सुविधा शुरू 10 मिनट में पता चल जाएगा लिवर सिरोसिस

भोपाल ,यशभारत। शहर के साकेत नगर में स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में फाइब्रोस्कैन की सुविधा शुरू हो गई है। यह प्रदेश का पहला शासकीय अस्पताल है, जहां यह सुविधा मिल रही है। इसका फायदा लिवर से संबंधित बीमारियों के मरीजों को मिलेगा। खासतौर पर लिवर सिरोसिस, लिवर कैंसर व फैटी लिवर जैसी बीमारियों में यह जांच कारगर है। यहां पर यह बता दें कि अभी तक कुछ बड़े निजी अस्पतालों में ही यह सुविधा थी। लिवर की बीमारियों के इलाज में फाइब्रोस्कैन बड़ी उम्मीद बनकर उभरा है। इससे लिवर सिरोसिस की जांच महज 10 मिनट में होगी, जबकि अभी बायोप्सी जांच में 10 घंटे से ज्यादा लगते हैं। चिकित्सकों की मानें तो फाइब्रोस्कैन से लिवर कैंसर के लक्षणों को भी भांपा जा सकता है।

फाइब्रोस्कैन अल्ट्रासाउंड की तर्ज पर होने वाली जांच है। इससे लिवर में सिकु?न की स्थिति साफ हो जाती है। फैटी लिवर एवं लिवर सिरोसिस में इस जांच के जरिये निदान पाया जा सकता है। अत्यधिक शराब सेवन, वसायुक्त खानपान, वायरल संक्रमण, मोटापा व शुगर, हेपेटाइटिस बी एवं सी के मरीजों में लिवर सिरोसिस का खतरा ज्यादा होता है।

> यह एक ओपीडी प्रक्रिया है, जो लिवर के मरीजों की चिकित्सा के लिए बेहद अहम है। यहां लगी मशीन द्वारा 50 से 70 रोगी प्रति माह लाभ ले सकेंगे।
>
> **- डा. अभिषेक सिंघई, एसोसिएट प्रोफेसर, मेडिसिन, एम्स भोपाल**

---

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हैं आधुनिक लौहपुरुष दिग्विजय सिंह दंगों के पेटेंटधारी - नरोत्तम मिश्रा

**भोपाल, यशभारत।** विधानसभा चुनाव से पूर्व प्रदेश में केंद्रीय नेताओं के दौरों का सिलसिला बढ़ गया है। इसी सिलसिले में आज केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एक बार फिर मप्र केदौरे पर आ रहे हैं। वह भोपाल में भाजपा सरकार के 20 साल के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड पेश करेंगे, वहीं ग्वालियर में ग्वालियर में प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करेंगे। उनके आगमन से पूर्व प्रदेश के गृहमंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा ने एक प्रेस कांफ्रेंस की, जिसमें उन्होंने अमित शाह को आधुनिक लौह पुरुष बताया और कहा कि पहले के केंद्रीय गृहमंत्रियों से अगर तुलना की जाए तो अमित शाह जी ने कई बड़े काम किए हैं। शाह कहने से ज्यादा करने में विश्वास रखते हैं। नरोत्तम ने दिग्विजय सिंह द्वारा मप्र में नूंह जैसे दंगों की आशंका जताए जाने संबंधी बयान पर पर भी तंज कसा।नरोत्तम ने कहा कि कांग्रेस की सियासत का सिर्फ इतना फसाना है। बस्ती भी जलवाना है और मातम भी मनाना है। कांग्रेस की इस राजनीति को पूरा देश जानता है। अल्पसंख्यकों को दंगों का डर दिखाकर संगठित करो, वोट लो और हिंदुओं को जातियों में बांटकर बिखराव पैदा करो। ये कांग्रेस की मूल राजनीति है। जिसको देश देख-समझ रहा है। और दिग्विजय सिंह ने तो जैसे दंगे करवाने का पेटेंट ले रखा है।



### राहुल कर रहे पालिटिकल इवेंट

नरोत्तम ने राहुल गांधी पर भी कटाक्ष किया और कहा कि आपने कभी उन्हें चीन की निंदा नहीं करते नहीं सुना होगा। नूंह की हिंसा की निंदा करते कांग्रेस को नहीं सुना होगा। हिंदू और हिंदुत्व पर जरूर बोलते हैं।

---

चुनावी रणनीति

# मप्र में नब्ज टटोलेंगे चार राज्यों के भाजपा विधायक ने संभाला मोर्चा

## मैदानी स्थिति का आंकलन कर रिपोर्ट संगठन को देंगे

भोपाल यशभारत। मध्य प्रदेश में 127 भाजपा विधायकों के क्षेत्रों के साथ प्रदेश की सभी 230 विधानसभा सीटों पर नब्ज टटोलने का काम अब उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र और बिहार से आए पार्टी विधायकों ने आज से शुरू कर दिया है। सभी विधानसभा क्षेत्रों में ये विधायक आज पहुंचे और मोर्चा संभाल लिया। पार्टी ने शनिवार को भोपाल में अन्य राज्यों से आए भाजपा विधायकों को एक दिन का प्रशिक्षण भी दिया है। गुजरात की तर्ज पर ये विधायक कार्यकर्ताओं को समझाएंगे कि मप्र में भाजपा की ही सरकार क्यों जरूरी है। वे बताएंगे कि मप्र विधानसभा के परिणामों का कितना असर लोकसभा चुनाव 2024 पर पड़ेगा। लोकसभा चुनाव से पहले आइएनडीआइए गठबंधन किस तरह देश को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। ये विधायक मैदानी स्थिति का आकलन कर अपनी रिपोर्ट संगठन को देंगे। अन्य राज्यों से आए विधायक आज से 27 अगस्त तक प्रदेश की विधानसभा क्षेत्रों में रहेंगे। वे विधानसभा क्षेत्र में संगठनात्मक और जनसंपर्क की दृष्टि से बैठक करेंगे। विधानसभा क्षेत्रों में इंटरनेट मीडिया से जुड़े



कार्यकर्ताओं की बैठकें भी ली जाएंगी। प्रतिदिन पांच से सात कार्यक्रम होंगे। उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र और बिहार से आए भाजपा के विधायक 127 भाजपा विधायकों के क्षेत्रों के साथ प्रदेश की सभी 230 विधानसभा सीटों पर मतदाताओं की नब्ज टटोलने का काम करेंगे। सोमवार तक सभी विधानसभा क्षेत्रों में ये विधायक पहुंच जाएंगे और मोर्चा संभाल लेंगे। पार्टी ने शनिवार को भोपाल में अन्य राज्यों से आए भाजपा विधायकों को एक दिन का प्रशिक्षण भी दिया है। गुजरात की तर्ज पर ये विधायक कार्यकर्ताओं को समझाएंगे कि मप्र में भाजपा की ही सरकार क्यों जरूरी है। वे बताएंगे कि मप्र विधानसभा के परिणामों का कितना असर लोकसभा चुनाव 2024 पर पड़ेगा। लोकसभा चुनाव से पहले आईएनडीआईए गठबंधन किस तरह देश को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। क्षेत्र के मंडल से बूथ तक बैठकें लेकर ये मेहमान अपने राज्यों के अनुभव से भी कार्यकर्ताओं को अवगत कराएंगे। एक सप्ताह बाद आवंटित विधानसभा क्षेत्रों में मैदानी स्थिति का आकलन कर अपनी रिपोर्ट संगठन को देंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम को प्रदेश चुनाव प्रभारी भूपेंद्र यादव, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने संबोधित किया। इसमें उन्हें प्रदेश की भौगोलिक स्थिति, हारी हुई सीटों, अनुसूचित जाति एवं जनजाति व सामान्य सीटों की जानकारी दी गई। इन्हें विधानसभा क्षेत्र में प्रवास के दौरान क्या-क्या करना है, इसके बारे में भी बताया गया। इसके लिए व्यवस्था टोली बनाई गई है। सभी को एक फार्मेट उपलब्ध कराया गया, जिसे भरकर उन्हें जमा करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि भाजपा देश के अंदर लगातार नए प्रयोग कर रही है। यह भी ऐसा ही अनूठा प्रयोग है। अन्य राज्यों से आए विधायक प्रदेश की 230 विधानसभा क्षेत्रों में सात दिन अपना समय देकर भाजपा के काम को शक्ति और गति देने का प्रयास करें। विधायक अपने अनुभव के साथ और मप्र भाजपा तंत्र मजबूती के साथ चुनाव की तैयारी में जुट जाएं।

---

# कार में चाबी लगी छोड़कर मालिक के साठ हजार रुपये लेकर भागे ड्राइवर को पुलिस ने दबोचा

**भोपाल, यशभारत । राजधानी के टीटीनगर में एक कारोबारी का कार चालक उनको चकमा देकर भाग निकला । वह जाते-जाते उनके साठ हजार रुपये भी ले गया । जब कारोबारी को इस बात की जानकारी लगी तो वह भागते हुए टीटीनगर थाने पहुंचे और आरोपित चालक के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराई । इस पर पुलिस सक्रिय हुई और आरोपित को भोपाल स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया । वह ट्रेन से भागने की फिराक में था ।**

गिरफ्तारी के समय आरोपित नशे की हालत में था। कारोबारी कटनी का रहने वाला है और पासपोर्ट के काम से भोपाल आया था।



उसने कार चालक को डेढ़ माह पहले ही नौकरी पर रखा था। टीटीनगर पुलिस ने बताया कि कटनी के रहने वाले कमलेश कुमार कारोबारी हैं और उनकी कटनी में चूने की फैक्ट्री है। इस सिलसिले में उनको कई बार शहर से बाहर जाना पड़ता है, इसलिए उन्होंने अपनी कार चलाने के लिए चालक शशिकांत शर्मा को डेढ़ माह पहले ही अपने एक परिचित के कहने पर काम पर रखा था। शशिकांत मूलत-बदायूं, उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। डेढ़ माह से वह अच्छी तरह से काम कर रहा था और इससे पहले उसने कभी शिकायत का मौका नहीं दिया था।

### कारोबारी शापिंग करने गया, ड्राइवर रुपये लेकर हो गया चंपत

शुक्रवार को कमलेश पासपोर्ट के काम से कटनी से भोपाल आए थे, जहां एमपीनगर में काम निपटाने के बाद वह टीटीनगर के जीटीवी काम्पलेक्स में जूत खरीदने के लिए पहुंचे थे। वह ड्राइवर को कार में बिठाकर खुद जूते लेने चले गए थे। एक बैग भी वह कार में ही छोड़ गए थे, जिसमें साठ हजार रुपये थे। बाद में वह जूत लेकर लौटे तो ड्राइवर बैग से रुपये लेकर गायब हो चुका था। उन्होंने पूरी कहानी टीटीनगर पुलिस को बताई। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए उसे रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

---

## सर्वोत्तम कृषक समूह एवं सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

भोपाल (ईएमएस)। कृषि विस्तार सुधार कार्यक्रम (आत्मा) अंतर्गत मूल्यांकन वर्ष 2022-23 हेतु सर्वोत्तम कृषक समूह, सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है। पात्र कृषक निर्धारित प्रारूप में इसकी प्रविष्टियां पूर्ण कर सभी आवश्यक दस्तावेज सहित आवेदन विकासखण्ड स्तर पर संबंधित वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के कार्यालय में 31 अगस्त तक प्रस्तुत कर सकते है।किसान कल्याण तथा कृषि विकास के परियोजना (आत्मा) ने बताया कि जिला स्तरीय सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार की राशि 25 हजार, विकासखण्ड स्तरीय सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार राशि 10 हजार रुपए, जिला स्तरीय सर्वोत्तम कृषक समूह पुरस्कार राशि 20 हजार रुपए दी जाएगी। जिले के ऐसे उन्नतशील कृषक जिनके द्वारा वैज्ञानिक तरीके से नवीन कृषि तकनीक अपनाकर कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन आदि शामिल है।

## शर्तों के उल्लंघन पर उद्योगों पर लगेगा अर्थदंड, राज्य सरकार ने न्यायालयीन प्रक्रिया से दी राहत

**भोपाल , यशभारत।** प्रदेश में उद्योगों द्वारा शर्तों का उल्लंघन करने पर अब केवल एक लाख रुपये तक अर्थदंड ही लगेगा। उन्हें कोर्ट से सजा नहीं होगी। राज्य सरकार ने सहज व्यवसाय यानी इज आफ डूइंग बिजनेस के तहत प्रदेश के उद्योगों को राहत प्रदान की है। राज्य सरकार ने मध्य प्रदेश निवेश संवर्धन अधिनियम 2008 में बदलाव कर नए प्रविधान किए हैं। इसके लिए विधानसभा के गत सत्र में संशोधन बिल लाया गया था और उसे पारित किया गया था और अब इस विधेयक को राज्यपाल ने मंजूरी दे दी है। जिससे यह कानून के रूप में पूरे राज्य में लागू हो गया है। पहले प्रविधान था



कि किसी उद्यमी, सरकारी प्राधिकारी को दिए गए स्वप्रमाणीकरण में दी गई शर्तों का पालन करने में विफल रहता है तो उसका प्रकरण न्यायालय में पेश किया जाएगा, जिसे समाप्त कर दिया गया है। इस नई व्यवस्था को लागू कर मध्य प्रदेश सरकार ने उद्यमियों को न्यायालयीन प्रक्रिया से राहत प्रदान की है और अर्थदंड की राशि में वृद्धि कर दंड शब्द को हटा दिया है।न्यायालय से सजा का प्रविधान 15 साल पहले बने मध्य प्रदेश निवेश संवर्धन अधिनियम 2008 में प्रविधान था कि किसी उद्यमी, सरकारी प्राधिकारी को दिए गए ।

## बच्चों को डेंगू और मलेरिया के प्रति किया जागरूक

**भोपाल (ईएमएस)।** रीमा विद्या मन्दिर हायर सेकेण्डरी स्कूल के 390 विद्यार्थियो को प्राचार्या श्रीमति विभावरी पाठक की उपस्थिति में रविवार को विद्यार्थियों ने विश्व मच्छर दिवस के अवसर में जाना मच्छरजन्य रोगों से बचाव के उपाय।चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी के निर्देशन में जिला स्वास्थ्य समिति भोपाल के सहयोग से संचालित एंबेड परियोजना फैमिली हेल्थ इंडिया एवं जिला मलेरिया कार्यालय भोपाल के मार्गदर्शन में छात्रों को डेंगू एवं मलेरिया से बचाव के कारण, उपाय एवं बचाव आदि के बारे में विस्तार से समझाया एवं छात्रों के साथी ही अपने घर के आसपास स्वयं निगरानी करे और पानी को एक हफ्ते से ज्यादा जमा होने पर पानी को बदल दे, यदि पानी बदल नही सकते तो उसमे ऑयल डाल दे, साथ ही सभी ने मिलकर डेंगू मुक्त भोपाल बनाने हेतु संकल्प लिया ।

---

खुलासा | कलियासोत नदी के किनारे कालोनी बसाने वाले 20 बिल्डरों का काला चिट्ठा सामने आया

# एनजीटी के आदेश से खुली आंखें तो बोले रहवासी - बिल्डरों के खिलाफ कराएंगे एफआइआर, कोर्ट भी जाएंगे

**भोपाल,यशभारत । राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) की सेंट्रल बेंच भोपाल के एक आदेश के बाद कलियासोत नदी के किनारे कालोनी बसाने वाले 20 बिल्डरों का काला चिट्ठा सामने आ गया है । ये वे बिल्डर हैं, जिन्होंने कलियासोत नदी का व्यू दिखाने के नाम पर हजारों लोगों से मोटी रकम ली और फिर फ्लैट व प्लाट बेच दिए । यहीं नहीं, कुछ ने तो कैंचमेंट में स्थित सरकारी जमीन को अपनी बताकर उसके नाम पर खूब कमाई की ।**

अब हुआ ऐसा कि एनजीटी ने कलियासोत नदी पर दोनों ओर 33 मीटर के दायरे से अतिक्रमण



हटाने के आदेश दे दिए हैं। तब जाकर यहां रहने वाले रहवासियों को पता चला कि उनके साथ तो धोखा हो गया है और करने वाले बिल्डर है। एनजीटी में उक्त मामले की सुनवाई शुक्रवार को हुई थी। इसकी जानकारी शनिवार को जैसे ही रहवासियों को लगी तो इन्होंने मोर्चा खोल दिया है। इनका कहना है कि एनजीटी ने उनकी आंखें खोल दी है। अब वे ऐसे बिल्डरों के खिलाफ धोखाधड़ी की एफआइआर तो कराएंगे ही, साथ ही कोर्ट भी जाएंगे।

### कैचमेंट क्षेत्र में तीन हजार कब्जे, 20 बिल्डरों ने बसाई कालोनी

कलियासोत के कैचमेंट में तीन हजार से अधिक लोगों का अतिक्रमण है, इनमें 20 से अधिक बिल्डर भी शामिल हैं। लेकिन अब बिल्डर इन संपत्तियों को बेचकर जा चुके हैं। ऐसे में नुकसान रहवासियों का होना है। यदि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई हुई तो 50 हजार से अधिक रहवासी सड़क पर आ जाएंगे।

### बिल्डर मुआवजा दे या दूसरा घर

भूमिका रेसीडेंसी, सागर प्रीमियम टावर, आकृति हाइराइज, विरासा हाइट समेत अन्य कालोनियों के रहवासियों का कहना है कि जब हमने मकान खरीदा, बिल्डर के पास सारी अनुमतियां थी। यदि प्रोजेक्ट कैचमेंट के दायरे में था, तो अधिकारियों ने अनुमतियां क्यों जारी की। दस्तावेज देखने के बाद ही बैंक ने भी लोन दिया। लेकिन अब पता चल रहा है कि निर्माण कैचमेंट के दायरे में हैं। ऐसे में बिल्डर हमें मुआवजा दे या फिर दूसरा मकान। साथ ही कार्रवाई भी बिल्डर और अधिकारियों के खिलाफ हो। इसलिए बिल्डरों पर दर्ज हो सकती है एफआइआर

कैचमेंट क्षेत्र में आनी वाली जमीन बिल्डरों की नहीं थी। ये सरकारी भूमि थी, बिल्डरों ने इस पर अतिक्रमण कर बहुमंजिला इमारतें बना दी। वहीं रहवासियों का कहना है कि जो जमीन कैचमेंट में आ रही है, वो बिल्डर की नहीं है। मतलब हमें सरकारी जमीन पर घर बनाकर बेचा गया। गलत तरीके से अधिकारियों से मिलीभगत कर बिल्डर ने वैध दस्तावेज भी तैयार कर लिए।

---

# बीएमएचआरसी के डाक्टरों ने किया हार्ट का सफल आपरेशन

**भोपाल , यशभारत।** हार्ट की वेंट्रिकुलर टैकीकार्डिया बीमारी से जूझ रही 65 वर्षीय महिला काबीएमएचआरसी के डाक्टरों से सफल आपरेशन किया। महिला के दिल की पंपिंग क्षमता मात्र बीस प्रतिशत रह गई थी और अत्यंत तीव्र एवं असमान्य हार्ट बीट (दिल की धड़कन) चल रही थी। इसके बावजूद डॉक्टरों ने मेहनत कर महिला का सफल कर दिया। महिला की हालत अब स्थिर बनी हुई है, उसमें सुधार हो रहा है। संभवत- एक से दो दिन में उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी। बीएमएचआरसी के कार्डियोलाजी विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर डा. आशीष शंखधर ने बताया कि बुजुर्ग महिला कुछ दिन पहले असामान्य हृदय गति की शिकायत लेकर बीएमचआरसी आई थी। उनकी हृदय गति कई बार कुछ सेकंड्स के लिए 200 से अधिक हो जाती थी, जो किसी सामान्य व्यक्ति के मुकाबले काफी अधिक थी। ईसीजी करने पर पता चला कि उन्हें वेंट्रिकुलर टैकीकार्डिया नामक बीमारी है। इसके बाद ईको-कार्डियोग्राफी जांच की गई। जिसमें यह बात सामने आई कि हार्ट में खून का थक्का जमा हुआ है और हार्ट की पंपिंग क्षमता सिर्फ 20 प्रतिशत रह गई है। डा. शंखधर ने बताया कि वेंट्रिकुलर टैकीकार्डिया एक जानलेवा बीमारी है। इस बीमारी में अगर हार्ट बीट कुछ सेकंड्स भी तेज चले तो मरीज की मृत्यु हो सकती है।

> **दिल की पंपिंग क्षमता रह गई थी मात्र 20 प्रतिशत**

## » न्यूज गैलरी

### खितौला बस स्टेंड में शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा



**सिहोरा , यशभारत।** श्रावण मास के पावन अवसर पर शिवशक्ति समिति बस स्टेंड खितौला द्वारा नव निर्मित मंदिर में पूर्ण विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की गई। धार्मिक आयोजन में अनेक क्षेत्रीय महिलाओं ने पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर उनका अभिषेक किया। दोपहर में आयोजित विशाल भंडारे में पहुंचकर सैकड़ों भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया रामायण पाठ के अलावा भजन संध्या का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अलावा सभी शिवभक्तों का सराहनीय योगदान रहा।

### आज भारतीय किसान यूनियन सर्व तहसीलदार को देगा ज्ञापन

**पनागर, यशभारत।** भारतीय किसान यूनियन सर्व के तत्वाधान में किसानों की उपज मूंग एवं उड़द का शीघ्र भुगतान कराने एवं खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए आज 21 अगस्त को पनागर तहसीलदार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा ।किसान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सम्मति सैनी जिला पंचायत के उपाध्यक्ष विवेक पटेल एवं भारत कृषक समाज के विमल जैन गोकल पटेल जगन्नाथ शर्मा वीरेंद्र बैरागी के अलावा बहुत संख्या में किसान साथ में होंगे श्री सैनी जी ने समस्त किसानों से उपस्थित होने की अपील की है, लगभग एक माह होने के बाद भी किसानों को किसी तरह का भुगतान अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है और शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में किसानों के लिए खाद उपलब्ध नहीं है जबकि वही खाद प्राइवेट दुकानों में दुगनी रेट में बेची जा रही है ऐसी कालाबाजारी रोकने के लिए शासन को ज्ञापन सौंप कर निराकरण की मांग की जाएगी अन्यथा किसान रोड पर आकर आंदोलन करने मजबूर होगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

**दो दर्जन से भी अधिक तेंदुए और 50 से ज्यादा भालू अभ्यारण्य क्षेत्र में**

# बाघों के बाद नौरादेही अभ्यारण्य बना तेंदुओं और भालूओं का बसेरा

**तेन्दूखेड़ा , यशभारत। वर्ष 1975 में स्थापित प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण धने जंगलों में कलकल बहती नदियां व पोखर और इन सबके बीच अठखेलियाँ करते हुए वन्यजीवों के कारण नौरादेही पहले ही देश में अपनी एक अलग पहचान बना चुका है नौरादेही अभ्यारण्य में बाघों के बाद बढ़ती हुई बाघों की संख्याओं से एक नई उम्मीद जगा दी है यहां पर हजारों वन्य जीवों की संख्या बड़ने के साथ ही एक बार फिर से चीता प्रोजेक्ट पर उम्मीद जताई जा रही है जिसकी तैयारी बारिश के बाद हो सकती है जहां अब बाघों के बढ़ते हुए कुनबा के साथ नौरादेही अभ्यारण्य में तेंदुआ और भालूओं की संख्या में भी बढोत्तरी हुई है।**

अभ्यारण्य में इस समय बाघों के परिवार से गुलजार हो रहा है तो वही यहां तेंदुओं और भालूओं की संख्या में भी लगातार इजाफा होता जा रहा है बाघों के पहले से जंगल में रहने वाले इस जंगली जीव की संख्या आज काफी अधिक हो गई है दो दर्जन से भी अधिक तेंदुए और 50 से ज्यादा भालू आज नौरादेही अभ्यारण्य में अपना बसेरा बनाए हुए हैं हालांकि यहां पिछले चार सालों से बाघों के आने के कारण इन्होंने अपना ठिकाना जरूर बदल लिया है अब यह तेंदुए गुफा के अंदर या पेड़ों की डालियों पर बैठे रहते हैं जहाँ एक और तीन महीने के लिए नौरादेही अभ्यारण में प्रतिबंध लगा हुआ है तो वही इस मानसून के मौसम में वन्यजीवों का आलग ही माहौल दिखा रहा है




### पेड़ और गुफा बने ठिकाना

अभ्यारण्य के अंतर्गत आने वाली रेंजों में भारी भरकम पेड़ लगे हुए हैं और नौरादेही के विस्थापित गांव में बड़ी बड़ी गुफाएं बनी है यही गुफाएं और पेड़ तेंदूओ का मुख्य निवास स्थल है तेंदुआ एक ऐसा जानवर है जो पेड़ों पर भी रह लेता है इसलिए नौरादेही अभ्यारण्य में तेंदुए का अभी तक कोई स्पष्ट ठिकाना नहीं है कि वह कब कहा रहता है अधिकारियों की मानें तो तेंदूआ अधिकांश समय गुफा में रहता है साथ ही पेड़ों की डालियों पर भी अपना बसेरा बना लेता है वर्तमान में नौरादेही अभ्यारण्य में बाघ किशन की मौत के बाद 15 बाघों की मौजूदगी के साथ यहां पर 25से 30 तेंदुए अपना बसेरा बनाए हुए हैं



### बाघों से डरता है तेंदूआ

अभ्यारण्य में तेंदुओं की संख्या दो दर्जन से भी ज्यादा है साथ ही अन्य प्रकार के सैकड़ों प्रजाति के जंगली जानवर है वहीं अभी 15 बाघों का बसेरा है नौरादेही अभ्यारण्य जो इस समय अभ्यारण्य में घूम रहे हैं वही दो दर्जन से अधिक तेंदुए है फिर भी वह बाघों का सामना नहीं करते अधिकारियों का कहना है कि तेंदूआ बाघो से बहुत डरता है इसलिए जिस जगह पर बाघ होता है तेंदुए उससे काफी दूरी पर रहते हैं यह कभी आमने सामने नहीं आते यदि बाघ तेंदुए को दिख जाता है तो वह उस स्थान से काफी दूर चला जाता है

### निगरानी के लिए लगाए गए कैमरे

नौरादेही अभ्यारण्य में बाघ बाधिन और उनके शावकों की निगरानी के लिए ट्रैकर कैमरे लगाए गए हैं हर 15 दिन में इनके फुटेज देखे जाते हैं अभ्यारण्य में तेंदुए और भालूओं के इनके बच्चों के साथ अलग अलग जगह कई बार देखे गए हैं इनके पगमार्क भी मिले हैं वहीं नौरादेही अभ्यारण्य के एसडीओ सेवाराम मलिक ने बताया कि अभ्यारण्य क्षेत्र में वन्यजीवों की.लगातार संख्या बढ़ती हुई देखी गई है जिसमें भेड़िया नीलगाय चिंकारा चीतल सांभर हिरण सहित अन्य जानवरों की भी संख्याओं में ब?ोत्तरी हुई है तो इसी तरह भेड़ियों की संख्या में सबसे ज्यादा बताई जाती है ऐसा माना जाता है कि प्राकृतिक और भौगोलिक कारणों से भेड़ियों का प्राकृतिक आवास है एक समय था जब इस इलाके में भेड़ियों की सबसे बड़ी संख्या मौजूद थी इसी कारण अभ्यारण्य को भेड़ियों का आवास का दर्जा दिया गया है

### तेंदूआ की संख्या बढ़ने से मिला लैपर्ड स्टेट का दर्जा

अभ्यारण्य में तेंदुओं की संख्या बढ़ रही है पिछले एक दशक में इसकी संख्या लगभग दोगुनी हो गई है जहां वर्ष 2010-11में 10से 12 तेंदुए ही नौरादेही अभ्यारण्य में दिखाई देते थे लेकिन अब 25से 30 इनकी संख्या बताई जा रही है और अभ्यारण्य अन्य जीवों की तरह तेंदुओं का भी बसेरा बन चुका है

### भालूओं की संख्या में भी इजाफा

वहीं नौरादेही अभ्यारण्य में बाघों और तेंदुए के साथ ही अभ्यारण्य में क्षेत्र जंगल में इन दिनों भालुओं का कुनबा सबसे ज्यादा दिखाई दे रहा है बारिश में घने जंगल में गशी कर रहे वनकर्मियों को इस हरे भरे अभ्यारण्य क्षेत्र में भालू आए दिन सामने आ रहे जिसमें भालु मादा अपने बच्चों के साथ देखे जा रहे है नौरादेही अभ्यारण्य के जंगलों में भालूओं की संख्या में इजाफा हो रहा है अभी अभ्यारण्य क्षेत्र में 50 से ज्यादा भालुओं का होना बताया जा रहा है और उनके साथ ही इनके बच्चे भी दिखाई दे रहे हैं अधिकारी भी मानते हैं कि इन वन्य जीवों का कुनबा बढ़ता जा रहा है एसडीओ श्री मलिक ने बताया कि अभी नौरादेही अभ्यारण्य में 25 सेअधिक तेंदुए के साथ 50 से ज्यादा भालुओं की संख्या में इनके साथ बच्चे भी देखे जा चुकी है पे?ों को भालुओं के निशान बने हुए हैं

### छोटे जानवर का करते है शिकार

नौरादेही मे तेंदुए अपने परिवार के साथ बसे हुए हैं अधिकारियों ने बताया कि यहां उनके बच्चे भी कई बार अपने माता पिता के साथ देखे गए हैं तेंदुआ सबसे ज्यादा शिकार चीतल का करता है इसके अलावा मवेशियों के छोटे बच्चों का शिकार भी उसे पसंद है अधिकारियो का कहना है कि तेंदूआ ब? जानवर या मवेशियों का शिकार नहीं कर पाता इसलिए वह हमेशा अपने शिकार के लिए छोटे जानवरों को खोजता है शिकार करने के बाद भोजन को लेकर वह पेड़ पर चढ़ जाता है या फिर गुफा में घुस जाता है

### जहां बाघ कम वहां तेंदुओं को अनुकूल माहौल

वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट डॉ बसंत मिश्रा बताते हैं कि नौरादेही अभ्यारण्य मे़ वन्य जीवों खासकर बाघ चीते व तेंदुए के लिए अनुकूल माहौल और पर्याप्त आहार पानी है इस अभ्यारण्य में तेंदुओं की बसाहट बाघ के पहले की है इसकी वजह ये है कि जहां बाघ नहीं होते या फिर कम है वह स्थान तेंदुओं के लिए सुरक्षित है अभ्यारण्य में अच्छी खासी संख्या में तेंदूआ है और अभ्यारण्य में अब भालुओं की भी संख्या अच्छी खासी देखने लगी है

### छह रेंजो में मूमेंट

हर साल की तरह इन दिनों नौरादेही अभ्यारण एक जुलाई से 30 सितंबर तक पूरी तरह से बंद कर दिया गया है क्योंकि इस समय वन्यजीवों को बाहरी दखल से बचाने और एकांत उपलब्ध कराने के लिए प्रतिवर्ष अभ्यारणयो के कोर एरिया को वर्षाकाल में पूर्ण बंद कर दिया जाता है यह वन्यजीवों के मिलने और प्रजनन का समय होता है मानसून के दौरान वनकर्मी दिनरात हाथी और पैदल अभ्यारण की गश्त कर रहे हैं तेंदूओ का अभ्यारण की छह रेंजो में डेरा होना बताया गया हैं जिसमें से झापन रेज सर्रा रेज नौरादेही रेज सिंगपुर रेज मुहली रेज डोगरगांव रेज है

### इनका कहना

नौरादेही अभ्यारण्य के एसडीओ सेवाराम मलिक ने बताया कि अभ्यारण्य में तेंदूआ अपनी एक अलग पहचान बनाए हुए हैं साथ ही अभ्यारण्य में तेंदुए के साथ ही यहां पर 50 से ज्यादा भालुओं का कुनबा है और चिकारा चीतल नीलगाय और भे?ियों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है अभ्यारण्य में तेंदुए अपने बच्चों के साथ भी दिखने लगे है तेंदुए का मुख्य आशियाना जंगल की गुफाओं और हरे भरे पे? की डाली है जिन पर वह अपना बसेरा बनाकर रहता है क्योंकि उसे बाघ से डर लगता है इसलिए वह उनसे दूरी बनाकर चलता है जब जानवरों की गणना होगी तब सभी जानवरों की संख्या का सही पता चलेगा कि कौन जानवर कितनी अधिक संख्या में अभ्यारण्य में है।

**सेवाराम मलिक एसडीओ नौरादेही अभ्यारण***

# वार्डो मे शत प्रतिशत मतदान की दिलाई शपथ



**नरसिंहपुर गोटेगांव, यशभारत।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा आगामी विधानसभा 2023 को दृष्टिगत रखते हुए राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार विधानसभा 118 के समस्त नगर पालिका क्षेत्र प्रचार प्रसार(स्वीप) गतिविधियों के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री साक्षी वाजपेई को नोडल अधिकारी नियुक्त एवं सहायक कर्मचारी कमलेश पटेल सुनीलभनारे को नियुक्त किया गया 20 अगस्त 2023 को लाल बहादुर शास्त्री वार्ड बूथ कंमाक 111 के बीएलओ गुलाबचंद्र विषैले बोसवार्ड बूथ कंमाक 101के बीएलओ कमलकान्त सिलावट बोसवाल बूथ कंमाक 102 के बीएलओ संजय चांदोरिया के साथ तीनो बूथ मे संकल्प पत्र 30 भरे गये स्वीप गतिविधियो के अनुसार संकल्प पत्र में भारत की का नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए शपथ लेती,लेता हूं कि मैं अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को रखूंगी रखूंगा तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म,वर्ग,जाति समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना ही मध्यप्रदेश विधान सभा निर्वाचन 2023 में मताधिकार का प्रयोग करूंगा,करूंगी की आम मतदाताओ को शपथ दिलाई जा रही है इस अवसर पर विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# यह कोई भी नहीं जानता है कब समाप्त हो जाए जीवन लीला :शंकराचार्य जी



**नरसिंहपुर गोटेगांव, यशभारत।** धार्मिक स्थल परमहंसी गंगा आश्रम झोतेश्वर में परमाराध्य परमधर्माधीशउत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु परमपूज्य शंकराचार्य स्वामिश्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराजजी ने अपनी अमृत मय वाणी से धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहाकि मनुष्य जन्म बडा दुर्लभ है। धर्म कार्य केवल इसी मनुष्य शरीर से ही सम्भव है यह शरीर केवल भोग के लिए नहीं अपितु जीवन के चरम लक्ष्य मोक्ष प्राप्ति के लिए है जीवन लीला कब समाप्त हो जाए यह कोई भी नहीं जानता इसलिए यहकहा गया हैकि यदि धर्म कार्य करना हो तो ऐसा समझना चाहिएकि बस मृत्यु का समय निकट आ ही गया है और यदि व्यवहार करना हो तो समझना चाहिए कि अभी बहुत लम्बा जीवन है आगे पूज्य महाराजजी ने अपने 54वें जन्मोत्सव पर देश के1008 स्थानों पर विविध कार्यक्रम आयोजित करने वालों को अपना आशीर्वाद प्रदान कर ज्योतिर्मठ के प्रथम शङ्कराचार्य तोटकाचार्यजी के सन्दर्भ में फैले भ्रम का निवारण करते हुए कहाकि वे ऐसे उच्चकोटि के विद्वान् थेकि अपनी विद्वत्ता का प्रदर्शन नहीं करते थे पर उनके गुरु भगवत्पाद आद्य शंकराचार्य जी को मालुम थाकि वे विद्वान् हैं इसीलिए उनको ज्योतिर्मठ का आचार्य बनाया तोटकाचार्यजी ने श्रुतिसार समुद्धरण को गुरु आदेश से प्रस्तुतकर सबको आश्चर्यचकित कर दिया थाइस अवसर पर प्रमुख रूप से बदरीनाथ से पधारे डिमरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष आशुतोष डिमरीजी पुणे के दीपेश दवे जी जबलपुर में जगद्गुरुकुलम् केलिए 7 एकड भूमिदान करने वाले धीरेन्द्र गर्ग जी,सिन्धी धर्मगुरु साई जलकुमार मसन्दजी आदि ने अपना विचार व्यक्त किए द्य मंच पर प्रमुख रूप से शंकराचार्य जी महाराज के निजी सचिव चातुर्मास्य समारोह समिति अध्यक्ष ब्रह्मचारी सुबुद्धानन्दजी ज्योतिष्पीठ पं.आचार्य रविशंकर द्विवेदी शास्त्रीजीज्योतिषपीठ शास्त्री पं.राजेन्द्रशास्त्रीजी दंडीस्वामी श्री अम्बरीशानन्दजी महाराज पं. राजकुमार तिवारी ब्रहमचारी आदि ने अपने अपने विचार व्यक्त किए मंच पर प्रमुख रूप से पूज्यपाद शंकराचार्य जी महाराज की पूर्णाभिषिक्त शिष्या साध्वी पूर्णाम्बा एवं साध्वी शारदाम्बा परमहंसी गंगा आश्रम व्यवस्थापक सुंदर पांडे उपस्थित रहे मंच का संयोजन अरविन्द मिश्र एवं संचालन ब्रम्हचारी ब्रम्हविध्या नन्दजी ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्रम्हचारी मुकुंदानन्द्जी ब्रम्हचारी विमलानंद जी,ब्राम्हचारी परमात्मानंदजी पं. आनंद तिवारी जगद्गुरुकुलम् संस्कृत विद्यापीठ के प्रधानाचार्य पद्मनाभ द्विवेदी उप प्रधानाध्यापक शारदानंद द्विवेदी सोहनतिवारी माधव शर्मा रघुवीर प्रसाद तिवारी राजकुमार तिवारीदीपक शुक्ला अमिततिवारी पुरसोत्तम तिवारी आशीष तिवारी लक्ष्मीनारायण तिवारी बद्री चौकसे नारायणगुप्ता कपिल नायक सहित श्रीमद भागवत पुराण का रस पान बड़ी संख्या में गुरुभक्तों व धर्मप्रेमी जनता ने कथा का रसपान कर अपने मानव जीवन को धन्य बनाकर भागवत भगवान की कथा आरती के उपरांत महाभोग प्रसाद ग्रहण किया चातुर्मास्य के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु बंधुओ ने उपस्थित होकर धर्मलाभ उठाया।

# मणिनागेंद्रसिंह फाउंडेशन के प्रथम वार्षिक साधारण सम्मेलन का हुआ आयोजन



नरसिंहपुर गोटेगांव, यशभारत। विगत दिवस स्थानीय सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मणिनागेंद्रसिंह फाउंडेशन प्रथम वार्षिक साधारण सम्मेलन का आयोजन केंद्रीयमंत्री प्रहलादसिंह पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ कार्यक्रम में फाउंडेशन की गतिविधियां एवं आगे की कार्ययोजनाओं की पर चर्चा हुई मणिनाग्रेंद्रसिंह फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रहलादसिंह पटेल ने कहाकि हम सभी का धन्यवाद देते हैंकि एक साथ बैठकर भावनात्मक विचारों को रखा यदि कोई व्यवस्था लंबे समय तक चलानी है उसे ऊंचाई तक ले जाना है तो कुछ लोग आगे आएअपने दायित्वों का ठीक तरीके से निर्वहन करें जैसे मैं उस समय आगे आया मेरे आगें आने का कारण यहीं थाकि मैं दिशा निर्देश देने के साथही टीम को आगे बढ़ा सकें,फाउंडेशन में दानदाता सुनीलकुमार नेमा एवं उनके मित्रगण साथियों द्वारा 1100000/ रुपए जालमसिंह पटेल 90000/राव हेमराजसिंह 91000/आरतीसतीश पटेल 90000/पूजाराजू राजपूत 91000 रुपए पंकज चौकसे 90000 रुपए,आदित्य पटेल 90000 रुपए, शक्तिसिंहराजपूत 90000 ज्ञानबर्डिया 80000/सरदारसिंहपटेल 50000/गीतानंद पेट्रोलियम 51000/विमलेश जारोलिया 41000/अवधेश राजपूत 41000/सचिन पाठक ने 5000/ मणिनाग्रेंद्रसिंह फाउंडेशन में जमा किए

### सैनिक स्कूल निर्माण कार्य शीघ्र होगा शुरू

मणिनागेंद्रसिंह फाउंडेशन को वरिष्ठ समाजसेवी .मुलामसिंह पटेल याशोदाबाई,जालमसिंह पटेल के द्वारा 10 एकड़ जमीन सैनिक स्कूल का निर्माण हेतु दान दी उनकी इस दानवीरता पर मणिनागेंद्रसिंह फाउंडेशन परिवार ने आभार व्यक्त किया,सैनिकस्कूल के लिए प्राप्त जमीन की रजिस्ट्री,डायवर्शन,नक्शा प्लानिगं,रक्षा मंत्रालय द्वारा स्वीकृति मांगी गई साथही रोड,वांऊडरी आदि के लिए जमीन के लेवल के लिए कार्य प्रगति पर है।

### फाउंडेशन के अनवरत कार्य चलते रहेंगे

31 अगस्त कंजलिया में श्रीदेव ठाकुर बाबा मंदिर में पूजन एवं विशाल भंडारा 25 से 28 दिसंबर में कब्बडी टूर्नामेंट का आयोजन,28 दिसंबर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा इस अवसर पर अनेक जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक एवं फाउंडेशन के सभी पदाधिकारी सदस्यगण उपस्थित थे।

# प्राकृतिक खेती समय की मांग : कृषि मंत्री



**पाटन, यशभारत।** मध्य प्रदेश शासन के कृषि मंत्री कमल पटेल ने जबलपुर में प्राकृतिक एवं एवं जैविक खेती पर एक लघु फिल्म का विमोचन किया।प्राकृतिक खेती को करने वाले पाटन अनुभाग कृषक ठाकुर विनय सिंह ग्राम फुलर के जैविक क्षेत्र में जैविक इकाई बनाने की इकाई स्थापित की गई है एवं उन्होंने विभिन्न प्रकार के जैविक आदान सामग्री एवं कीटनाशक को स्वयं बनाकर अपनी 52 एकड़ की खेती में प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। प्राकृतिक खेती अपनाने से विनय सिंह के कृषि क्षेत्र में जैविक कार्बन.4 से बढ़कर 1.80 हो गई है,जो उत्तम मृदा में होती है। इस कृषि भूमि का पंजीयन जैविक प्रमाणीकरण संस्था भोपाल के द्वारा किया गया हैं।माननीय कृषि मंत्री जी ने विनय सिंह के कामों की प्रशंसा करते हुए विभाग को निर्देशित किया कि प्रत्येक ग्राम में प्राकृतिक खेती करने वाले कृषकों को प्रशिक्षित कर जबलपुर को प्राकृतिक खेती में सामने लाने की जरूरत है।कृषि मंत्री ने कृषक के क्षेत्र का भ्रमण करने की रुचि दिखाते हुए अपने अगले जबलपुर प्रवास में शाहपुरा विकासखंड के ग्राम फुलर में जाने का आश्वासन दिया है।इस अवसर पर संयुक्त संचालक कृषि के एस नेताम, कृषि विश्वविद्यालय के कुल सचिव आर एस सिसोदिया, आत्मा परियोजना संचालक डॉक्टर एस के निगम उपसंचालक कृषि रवि आम्रवंशी ,अनुविभागीय अधिकारी कृषि डॉक्टर इंदिरा त्रिपाठी एवं क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रजनीश दुबे ने मंत्री को प्राकृतिक खेती की जानकारी प्रस्तुत की। जबलपुर जिले के ग्राम फुलर प्राकृतिक खेती के लिए संभाग में एक उदाहरण बन गया है आने वाले समय में यहां पर कृषकों की संगोष्ठी एवं सम्मेलन आयोजित कर कृषि मंत्री कमल पटेल का भ्रमण करने का कार्यक्रम बनाया जा रहा है।

# संचार क्रांति के जनक थे स्वर्गीय राजीव गांधी



**सद्भावना दिवस पर किया गया स्मरण**

**गाडरवारा(यशभारत) पुरानी गल्ला मंडी में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की 78 वी जयंती सद्भावना दिवस के रूप में मनाई गई ।**

सर्वप्रथम कांग्रेसजनों द्वारा राजीव गांधी के तेल चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनका स्मरण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई द्य विधायक सुनीता पटेल ने राजीव गांधी द्वारा किए गए कार्यो को याद करते हुए कहा की राजीव जी संचार क्रांति के जनक थे द्य हम सभी आज संकल्प लें कि हम उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर उनके सपनों के भारत के निर्माण मे अपनी सहभागिता निभाएंगे । वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक काबरा , केजी आजाद, एच व्ही रफीक, डॉक्टर उमाशंकर दुबे, मोना कौरव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जिनेश जैन, दिग्विजय सिंह, सुभाष राय, श्रद्धा कौरव आदि ने संबोधित करते हुए कहा की राजीव जी ने दूरगामी सोच के साथ देश को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में ले जाने का काम किया था । युवाओं को 18 साल का मताधिकार का तोहफा राजीव जी ने दिया था, आधुनिक भारत के शिल्पकार एवं पंचायती राज के जनक के रूप में उन्हें जाना जाता है राजीव जी ने अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल में देश को सशक्त बनाकर समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के सर्वागीण विकास का रास्ता खोलकर देश को प्रगति और विकास की ओर अग्रसर किया था उनके इस योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता । कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अवधेश रूसिया ने किया । सद्भावना दिवस के अवसर पर राजीव गांधी को पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में सुरेंद्र पटेल मंझले भैया, यूडी शर्मा, ठाकुर शरद सिंह, रमेश अग्रवाल, विनोद नीखरा, देवेंद्र पटेल, उमेश नीरस, महिला कांग्रेस अध्यक्ष संगीता जायसवाल, अभिनय ढिमोले, उमा गुप्ता, मुकेश गुप्ता बंटू, रूपेश राय, जय पाठक, अनिल साहू, विनोद ठाकुर, संदीप कौरव, रतनदीप जायसवाल, आयुष अग्रवाल, प्रवीण शर्मा, शरद साहू, राजदीप दुबे, प्रभात कुशवाहा, राधेश्याम सराठे, महमूद पहलवान, विशाल अग्रवाल, जितेंद्र पटेल, मोनू झिरा, चंदन साहू, राजू झाझनखेड़ा, मधु साहू, प्रीति मालवीय, ज्योति साहू, सचिन श्रीवास्तव, नीलेश दुबे, सुनील दुबे, आयुष जैन, शीतल राय, पवन चौधरी, रोहित राय, हंसू राय, शिवम बरहैया, यश राय, अशफाक खान आदि प्रमुख थे , कार्यक्रम के उपरांत चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें इंजीनियर साहिल राजपूत द्वारा निकाली जा रही परिवर्तन विश्वास पैदल यात्रा जो गोटेगांव से भोपाल जा रही हैं उस यात्रा का स्वागत करते हुए कांग्रेस जन यात्रा में शांतिदूत तिराहे तक शामिल हुए और यात्रा को रवाना किया । कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जिनेश जैन ने किया ।

### कांग्रेस ने याद किया स्वर्गीय राजीव गांधी को

पनागर, यशभारत। ब्लॉक महाराजपुर के तत्वधान में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर श्रद्धा सुमन कार्यक्रम ब्लॉक महाराजपुर कार्यालय दाऊ मैरिज गार्डन में आयोजित किया गया जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ नीलेश जैन की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पंडित राधेश्याम चौबे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉ सत्येंद्र सिंह यादव वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेश पटेल विवेक अवस्थी राजकिशोर पटेल संगठन मंत्री विनोद श्रीवास्तव की उपस्थिति में स्वर्गीय राजीव गांधी जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके इतिहास पर चर्चा की गई इस अवसर पर ब्लाक महाराजपुर की कार्यकारिणी का गठन करते हुए पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए कार्यक्रम में। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता विजय यादव विमल जैन पनागर विधानसभा प्रभारी कुंजीलाल गोटिया संजय श्रीवास्तव संजय तिवारी शरद विश्वकर्मा राकेश विश्वकर्मा मुकेश पटेल शेख युसूफ मोहित झरिया अमित पटेल विकास पटेल संदीप शर्मा रीना ठाकुर रामकुमार यादव पार्षद नारायण पटेल सरपंच महेंद्र उपाध्याय आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे ब्लॉक अध्यक्ष मनोज पटेल दाऊ ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारी को बधाई देते हुए कार्य में जुटजाने हेतु आदेशित किया कार्यक्रम संचालन बालमुकुंद तिवारी एवं आभार प्रदर्शन गंगाराम पटेल ने किया।



# ब्लाक कांग्रेस सिहोरा ने मनाई राजीव गांधी की जयंती



सिहोरा, यशभारत। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा के संयोजन में बाबा कुरैशी पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष के कार्यालय में भारत र पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की 79 वीं जयंती मनाई गई । कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आयोजन को संबोधित करते हुए ब्लाक अध्यक्ष बिहारी पटेल ने कहा कि संचार क्रांति के जनक स्वर्गीय राजीव गांधी ने जहां ग्रांमो के विकास हेतु पंचायती राज की व्यवस्था की वहीं 18 शाल के युवाओं को मत देने का अधिकार दिया उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इस अवसर पर सुश्री कौशल्या गोटिया पूर्व राज्य मंत्री,श्रीमती सरिता सिंह पूर्व जनपद अध्यक्ष,अशोक खरे,सुरेंद्र मिश्रा,लाल बहादुर पाठक, पार्षद राजेश चौबे,श्रीमती ममता गोटिया, प्रवीण पाठक,घनश्याम बडगैया,पूर्व पार्षद राजेश पटेल,मंसूर मंसूरी,गणेश दहिया विजयंत साहू,शंकर बंशकार,नवीन शुक्ला,कौशल पटेल,पवन सोनी,कमलेश सोनी,शील कुमार पटेल,कमलेश सोनी, डॉ रमेश पटेल, अतुल त्यागी,डॉक्टर दिनेश पटेल,फैज आलम शाह,गुल्लू खान,दिलीप जैन,पापे यादव,सुभाष ठाकुर,युसूफ खान सहित अनेक कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# स्व.राजीव गांधी की कांग्रेसियों ने मनाई जयंती



नरसिंहपुर गोटेगांव, यशभारत। स्थानीय लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह सभाकक्ष में कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत र राजीवगांधी की जयंती को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया सर्वप्रथम समस्त कांग्रेसियों ने राजीव गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद करने के उपरांत पूर्व विधायक शेखर चौधरी ने कहाकि आज देश के लिए साथ ही प्रत्येक कांग्रेस सदस्यों के लिए स्वर्गीय राजीव जी के यादगार के रूप मे कार्यक्रम आयोजित किया हम सब लोगों के लिए स्वर्गीय राजीव गांधी जी ने देश में आधुनिक निर्माण के रूप में और युवाओं को 18 साल में युवाओं को अधिकार देने के रूप में और देश में कंप्यूटर और इलेक्ट्रॉनिक की क्रांति लाई थी उसके लिए वह बहुत अच्छे से जाने जाते है पंचायत राज को पूरे देश में हमारे राजीव गांधी जी के द्वारा कांग्रेस की सरकार में लागू किया गया देश में इसकी बड़ी सराहना की गई चाहे पक्ष के लोग चाहे विपक्ष के लोग राजीवजी ने जो सिद्धांतबनाए थे हमें उन सिद्धांतों पर आगे बढ़ना चाहिए और देश को तरक्की की ओर ले जाना चाहिए वही वरिष्ठ कांग्रेसी खेमचंद दासवानी ने कहाकि आज का दिन हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है जिस नेता ने इस देश के लिए अपने प्राण निछावर कर दिए देश के विकास के लिए नईनई योजनाएं इस देश के लिए मर मिटे हमारे स्वर्गीय श्री राजीव गांधी की स्मृति में यह हमारे लिएबहुत ही महत्वपूर्ण दिन है आज हम चाहेंगे यह संकल्प लें हमारे राजीव गांधी ने इस देश के पूर्व प्रधानमंत्री ने जो कार्य किया है जनता के सामने जाकर रखें और बताएं जो बड़े नेता डिंग मार रहे हैं वह हमारे स्वर्गीय प्रधानमंत्री की देन है उनकी देन को भझांने के लिए अपनी बाय-बाय देश में लूट रहे हैं और विदेश में लूट रहे हैं जो देश के लिए महात्मागांधी जवाहरलाल नेहरू इंदिरागांधी राजीवगांधी ने किया यह बहुत ही बड़ी उपलब्धि है देश के लिए और देश के हर आदमी को इसका ऋण उतारना है और देश के कार्यकर्ताओं को यह सब बताना हैकि देश के लिए जो किया है यह हमारेनेता स्वर्गीय श्री राजीव गांधीजी ने किया है इस अवसर पर अरशद मोहम्मद खान लखन बिलवार अशोक जयसवाल विनोदसोनी शरीफ भाईजान अरविंद तिवारी लल्लू महाराज बल्लू जैन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी वरिष्ठ जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता बंधु उपस्थित थे।

# एशिया कप के लिए बन चुका है मास्टर प्लान

## इन खिलाड़ियों के नाम पर लगेगी मुहर, द्रविड़ चुनेंगे टीम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अजीत अगरकर की अगुवाई वाली भारतीय चयन समिति वनडे विश्व कप से पहले सभी संभावित विकल्पों को परखने की तैयारी में है। इसकी शुरुआत आगामी एशिया कप के लिए 17 सदस्यीय टीम का चयन होगी और यह भी पता चला है कि बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) पहली बार चयन बैठक की परंपरा से हट रहा है और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ भी सोमवार राष्ट्रीय राजधानी में होने वाली बैठक के दौरान मौजूद रहेंगे। **घरेलू खरीदारी की होड़** - मिक्सर ग्राइंडर, गीजर, वॉटर प्यूरीफायर और अन्य पर 70त्न तक की छूट। इससे पहले रवि शास्त्री और अनिल कुंबले जैसे दिग्गज भी राष्ट्रीय कोच के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान चयन बैठकों का हिस्सा नहीं बने थे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया में मुख्य कोच एनएसपी (राष्ट्रीय चयन पैनल) का हिस्सा होता है लेकिन भारत में राष्ट्रीय टीम के कोच और कप्तान को चयन मामलों में मतदान का अधिकार नहीं है। अभी यह पुष्टि नहीं हुई है कि कप्तान रोहित शर्मा और द्रविड़ दोनों बैठक में शारीरिक रूप से शामिल होंगे या वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे। लोकेश राहुल (जांघ) और श्रेयस अय्यर (पीठ के निचले हिस्से) जैसे चोट से उबर रहे प्रमुख खिलाड़ियों ने अभी तक अपनी फिटनेस साबित नहीं की है। बीसीसीआई अधिकारी और चयनकर्ता सुरक्षित विकल्प चुन सकते हैं जो श्रीलंका में एशिया कप के दौरान उन्हें पांच (अगर फाइनल में पहुंचे तो छह) मैचों में सभी उपलब्ध खिलाड़ियों को परखने का मौका देगा। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने एशिया कप के लिए 17 सदस्यीय टीम का प्रावधान रखा है। इसी के मुताबिक पाकिस्तान, बांग्लादेश ने 17 सदस्यीय टीम चुनी है।

बीसीसीआई के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर बताया, विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय अस्थायी टीम चुनने की संभावना है, जिसे पांच सितंबर तक जमा करना होगा। इसमें सूची में हालांकि कोई भी टीम बदलाव कर सकती है। टीमों की अंतिम सूची सौंपने की समय सीमा 27 सितंबर है। उन्होंने कहा, एशिया कप के लिए और अधिक खिलाड़ियों को चुना जा सकता है।

'ईएसपीएन क्रिकइन्फो' की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अय्यर ने एनसीए में अभ्यास मैच में 38 ओवर तक बल्लेबाजी और 50 ओवर तक क्षेत्ररक्षण की। इस बैठक में बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा के नाम पर चर्चा की जाएगी, लेकिन राहुल और अय्यर अगर फिट हुए तो उन्हें अंतिम 15 में जगह मिलना मुश्किल होगा। यही स्थिति संजू सैमसन के साथ भी होगी, जहां टीम में अतिरिक्त बल्लेबाज के लिए सूर्यकुमार यादव का पलड़ा भारी होगा।

स्पिन गेंदबाजी विभाग में रविचंद्रन अश्विन का नाम पर चर्चा होने की संभावना है जो कौशल के मामले में अन्य गेंदबाजों पर भारी पड़ते हैं। एक पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता ने वेस्टइंडीज में सीमित ओवर की श्रृंखला में अश्विन को टीम में शामिल नहीं करने पर हैरानी जताते हुए पूछा, अगर आप अक्षर पटेल को बल्लेबाजी के लिए चौथे क्रम पर उतार सकते हैं तो अश्विन को परखने के लिए टीम में क्यों नहीं रख सकते। वह भारतीय परिस्थितियों में घातक हो सकता है। भारत की संभावित 17 सदस्यीय टीम (पांच सितंबर की समय सीमा के लिए अस्थायी 15 खिलाड़ियों के साथ)- रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, लोकेश राहुल (विकेटकीपर, फिटनेस के अधीन), श्रेयस अय्यर (फिटनेस के अधीन), हार्दिक पंड्या (उपकप्तान), रविंद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, ईशान किशन (वैकल्पिक विकेटकीपर), अक्षर पटेल, शारदुल ठाकुर, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, युजवेंद्र चहल या रविचंद्रन अश्विन।

## यूएई ने न्यूजीलैंड को हरा कर रचा इतिहास, 7 विकेट दर्ज की धमाकेदार जीत सीरीज 1-1 से बराबर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** फटाफट क्रिकेट के इस दौर में कोई भी टीम किसी को भी हराने की माद्दा रखती है। खास तौर से टी20 के खेल में एक बार अगर कोई टीम गेम में पिछड़ गई तो फिर उसका वापसी कर पाना मुश्किल हो जाता है। ऐसा ही कुछ देखने को मिला यूएई और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए दूसरे टी20 मैच में। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया, जिसमें यूएई ने न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हराकर सनसनी मचा दी। टी20 क्रिकेट में यूएई की यह बड़ी उपलब्धि मानी जा सकती है क्योंकि न्यूजीलैंड आईसीसी की टी20 रैंकिंग में तीसरे स्थान पर है, जबकि यूएई 16वें स्थान पर काबिज है। ऐसे यूएई की इस जीत को कई सालों तक याद रखा जाएगा। **घरेलू खरीदारी की होड़** - मिक्सर ग्राइंडर, गीजर, वॉटर प्यूरीफायर और अन्य पर 70त्न तक की छूट।

इस मुकाबले में जीत के साथ ही यूएई की टीम ने सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली। वहीं सीरीज का तीसरा और अंतिम टी20 मुकाबला रविवार को दुबई में खेला जाएगा। सीरीज के पहले मैच में न्यूजीलैंड की टीम ने 19 रन से जीत हासिल की थी। इस मैच में भी यूएई की टीम ने न्यूजीलैंड कड़ी टक्कर दी थी हालांकि वह आखिरी ओवरों में पिछड़ गई थी।

### क्या रहा दूसरे टी20 मैच का हाल

यूएई के खिलाफ इस मैच न्यूजीलैंड को टॉस हारने के बाद बल्लेबाजी का न्योता मिला था। बैटिंग में न्यूजीलैंड की शुरुआत कुछ खास नहीं रही और आधी टीम सिर्फ 65 रन के स्कोर पर पवेलियन लौट गई। हालांकि मध्यक्रम में मार्क चापमैन ने न्यूजीलैंड की लाज बचा ली, जिन्होंने 65 रनों की पारी खेलकर टीम के स्कोर को किसी तरह 142 रन तक पहुंचाने में मदद की। चैपमैन के अलावा न्यूजीलैंड के लिए जेम्स नीशम और चाड बोउस ने 21-21 रनों का योगदान दिया। इन तीन बल्लेबाजों के अलावा और कोई भी दहाई का आंकड़ा भी पार नहीं कर सके। 143 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूएई की टीम का पहला विकेट शून्य पर गिर गया था। हालांकि इस शुरुआती झटके से संभलते हुए कप्तान मोहम्मद वसीम और वृतिया अरविंद ने क्रीज पर अपने पैर जमा लिए। वसीम ने 29 गेंद में 55 रनों की पारी खेली जिसमें 4 चौके और 3 छक्के भी शामिल रहे। वहीं अरविंद ने 25 रनों की पारी खेली। इसके अलावा आसिफ खान 48 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं बासिल हमीद भी 12 गेंद पर 12 रन बनाकर नाबाद पवेलियन लौटे।

## पहले से और अधिक खतरनाक हो गए जसप्रीत बुमराह, इन दो घातक हथियार के साथ की है वापसी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने आयरलैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच में धमाकेदार वापसी की। चोट के कारण बुमराह को भारतीय टीम की जर्सी पहनने के लिए 10 महीने और 23 दिन का इंतजार करना पड़ा, लेकिन इस तेज गेंदबाज ने आयरलैंड के खिलाफ पहले टी20 में शानदार गेंदबाजी कर यह जता दिया कि वह आगामी वनडे विश्व कप में भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करने के लिए तैयार हैं। बुमराह आगे चोटिल होने से बचने के लिए इस दौरान गेंदबाजी के लिए लंबे 'रन-अप' और लंबे 'फॉलो थ्रू' (गेंद फेंकने के बाद शरीर की हरकत) का इस्तेमाल करते दिखे। बेंगलुरु में एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) में रिहैबिलिटेशन (चोट से उबरने की प्रक्रिया) और 'खेल में वापसी' के लिए उन्होंने मुश्किल प्रक्रिया अपनाई।

# हार्दिक या बुमराह कौन बनेगा रोहित शर्मा का उत्तराधिकारी




**नई दिल्ली, ईएमएस।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आगामी एशिया कप और पांच अक्टूबर से शुरु होने वाले वनडे विश्व कप के लिए भारतीय टीम के उप कप्तान बनने के लिए ऑल राउंडर हार्दिक पंड्या के साथ प्रबल दावेदार दिख रहे हैं। पंड्या को नियमित टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान बना दिया गया है जबकि बुमराह को शुक्रवार से आयरलैंड के खिलाफ शुरु हुई टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में कप्तान बनाया गया है जिससे वह बड़ौदा के इस ऑल राउंडर को कड़ी चुनौती देने के लिये तैयार हैं। **घरेलू खरीदारी की होड़** - मिक्सर ग्राइंडर, गीजर, वॉटर प्यूरीफायर और अन्य पर 70त्न तक की छूट। इस मामले की जानकारी रखने वाले बीसीसीआई के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, अगर आप नेतृत्व के मामले में अनुभव को देखेंगे तो बुमराह पंड्या से आगे हैं। उन्होंने 2022 में टेस्ट टीम की कप्तानी की थी। वह दक्षिण अफ्रीका के वनडे दौरे के दौरान पंड्या से पहले वनडे टीम के उप-कप्तान भी रह चुके हैं।

उन्होंने कहा, अगर आप एशिया कप और विश्व कप दोनों के लिए बुमराह को वनडे में उपकप्तान बनाते हुए देखें तो कोई हैरानी नहीं होगी। यही कारण है कि उन्हें रुतुराज की जगह आयरलैंड में कप्तानी सौंपी गई।हालांकि इससे पहले यह कहा जा रहा था कि रोहित शर्मा के बाद हार्दिक पंड्या टीम इंडिया के लिए लिमिटेड ओवरों में कप्तानी करेंगे लेकिन जसप्रीत बुमराह की वापसी से अब पूरी तरह गेम बदल चुका है। ऐसे में अगर बुमराह एशिया कप और विश्व कप के लिए वनडे टीम का उप कप्तान बनाए जाते हैं, तो ऐसे में इसी पूरी संभावना होगी कि रोहित शर्मा के बाद वनडे और टेस्ट फॉर्मेट में कमा न बुमराह को दिया जा सकता है।बता दें कि यह पहली बार नहीं है जब टीम इंडिया कप्तानी को लेकर प्रयोग कर रही है। हार्दिक और बुमराह से पहले विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को भी भारतीय टीम की कप्तानी सौंपी गई थी लेकिन पंत चोटिल होने के कारण टीम इंडिया से बाहर से बाहर चल रहे हैं। ऐसे में अब बुमराह और पंड्या के बीच कप्तानी हासिल करने जंग रोचक सकती है।

# अंग्रेजी को लेकर फिर शर्मिंदा हुए पाकिस्तानी क्रिकेटर, सोशल मीडिया पर बेशर्मी की हद पार कर दी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों की अंग्रेजी अक्सर चर्चा में रहती है। कई बार प्रेस कॉन्फ्रेंस और सोशल मीडिया पर उनकी खराब अंग्रेजी को लेकर मजाक उड़ाया गया। ऐसा ही एक नया मामला हसन अली और शादाब खान को लेकर सामने आया है, जिसके कारण पाकिस्तानी खिलाड़ियों को खराब अंग्रेजी के कारण एक बार फिर शर्मिंदगी झेलनी पड़ी है। सोशल मीडिया पर कोई और नहीं बल्कि पाकिस्तानी फैन ने ही उनका मजाक उड़ाया है। दरअसल पूरा मामला यह है कि शादाब ने अपनी कुछ तस्वीरें ट्विटर पर शेयर की। उसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, मॉडलिंग स्किल बेहतर अपने टीम मेट्स से सीख रहा हूं। शादाब खान ने अंग्रेजी में जो कैप्शन लिखा उसमें कई स्पेलिंग मिस्टेक था। वहीं शादाब के इस पोस्ट पर हसन अली का भी रिएक्शन आया और उन्होंने उनकी तारीफ कर दी। हालांकि इस बीच एक अली हसनैन शाह नाम के एक यूजर ने शादाब की गलती पकड़ ली और ट्वीट कर लिखा, ईश्वर के लिए हसन अली, आप एक इंटरनेशनल क्रिकेटर हैं, पीसीबी आप अपने खिलाड़ियों को सिखाइए की सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का कैसे इस्तेमाल किया जाता है। फिर क्या था, शादाब खान को हसनैन शाह की बात बुरी लग गई और ट्विटर पर ही जवाब देते हुए लिखा, मेसी इंग्लिश ना बोला ठीक, विदेशों के प्लेयर इंग्लिश में ऐसे ही बात करते हैं ठीक, लेकिन हमें चाहिए कि हम नेचुरल ना रहे फेक पर्सनैलिटी बना ले। भाई मुझे तो अपने कल्चर और मजाक में कोई शर्म नहीं है। अल्लाह सबको खुश रखे और दुसरों की खुशी में खुश रखे। सिर्फ हसन अली और शादाब खान ही नहीं, शान मसूद भी इस पूरे बातचीत में कूद पड़े। शान मसूद ने लिखा, दूसरे को गिराना और अपने आप को अच्छा या ऊंचा दिखाने के लिए हमारा नेशनल हॉबी बन गया है। जैसे हो वैसे रहो।बता दें कि हाल ही में हसन अली लंका प्रीमियर लीग में खेलने के दौरान चोटिल हो गए थे।

## रंग संसार

# शहर-गांव के अहसास फ़िल्मकारों को आये रास



### छोटे शहरों के नाम पर बड़ी-बड़ी फ़िल्में

कुछ ऐसी फ़िल्में भी बनीं, जिन्हें उनके नाम ने ही लोकप्रिय दिलाई। 90 के दशक में कश्मीर में बढ़ती आतंकी घटनाओं के बीच 'मिशन कश्मीर' फिल्म आई। इस फिल्म में ऋतिक रोशन, संजय दत्त और प्रीति जिंटा मुख्य मुख्य भूमिका में नजर आए थे। 'मुंबई मेरी जान' इस शहर के मिडिल क्लास लोगों के अनुभवों पर आधारित फिल्म थी। राकेश ओमप्रकाश द्वारा निर्देशित फिल्म 'दिल्ली-6' में दिल्ली के कई हिस्सों को दिखाया गया था। 'जिला गाजियाबाद' गैंगस्टर बबलू श्रीवास्तव की जिंदगी पर आधारित थी। फिल्म 'बरेली की बर्फी' में छोटे शहर की लाइफ को हल्के-फुल्के अंदाज में पेश किया।

**मुंबई, एजेंसी।** किसी भी फिल्म का सबसे बड़ा आकर्षण होता है उसका नाम! फिल्म के नाम की रोचकता का उसकी सफलता में बड़ा हाथ होता है। कुछ फिल्मकारों की नाम को लेकर भी अपनी धारणा होती है। जे ओमप्रकाश की हर फिल्म 'अ' शब्द से शुरू होती थी और राकेश रोशन की फिल्मों का नाम 'क' से शुरू होता है! लेकिन, इससे भी अलग है फिल्मों के नाम शहरों और गांव के नाम पर रखना! दरअसल, ये भी एक तरह की रोचकता है। न सिर्फ फिल्मों के नाम बल्कि गीतों और कथानकों में भी उन जगहों के नाम शामिल करते हैं, जो दर्शकों के जाने-पहचाने हों या देखने की तमन्ना हो। फिल्म में शहरों, गांवों, स्थानों के नाम का इस्तेमाल किए जाने से वे चर्चित हो जाते हैं। कई बार दर्शक अपने कस्बे या गांव का नाम आने पर फिल्म को बार-बार देखकर लोकप्रिय बना देते हैं। वहीं रियल स्टोरी और लोकेशन की चाह में कई निर्देशक शहरों के नामों का इस्तेमाल भी करते हैं। ये नाम स्क्रिप्ट में ही नहीं, बल्कि कभी-कभी टाइटल में भी जगह बना लेते हैं।

शहरों के नामों का यही सिलसिला आगे बढ़ाते हुए पंजाब मेल (1939), झांसी की रानी (1956), हावड़ा ब्रिज (1958), लव इन शिमला (1960), बनारसी ठग (1962), कश्मीर की कली (1964), रोड टू सिक्किम (1969), हैदराबाद ब्लूज़ (1998), बनारसी बाबू (1997), भोपाल एक्सप्रेस (1999), मिशन कश्मीर (2000), कलकत्ता मेल (2003), वेलकम टू सज्जनपुर (2008), गैंग्स ऑफ वासेपुर (2012), चेन्नई एक्सप्रेस (2013), देहरादून डायरी (2013), मद्रास कैफे (2013), गोवा (1965), गो गोवा गॉन (2013), जिला गाजियाबाद (2013) और बदलापुर (2015) आदि फिल्मों ने अनसुने-अनजान शहरों के नाम से भी दर्शकों को वाकिफ कराया।

अनुराग कश्यप निर्देशित फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' को देश के साथ विदेशों में भी सराहा गया। विवादित दृश्यों के चलते कुछ संगठनों ने ये भी कहा था कि फिल्म से उनके शहर की इमेज पर नेगेटिव प्रभाव पड़ा है। 'बॉम्बे' फिल्म हिंदू-मुस्लिम के बीच मोहब्बत पर आधारित थी। फिल्मों में ही नहीं, वेब सीरीज में भी अब यही फार्मूला आजमाया जाने लगा है। पंकज त्रिपाठी की वेब सीरीज 'मिर्जापुर' ने अपने हिंसक और बोल्ड डायलॉग से लोगों का ध्यान आकर्षित किया। सीरीज के बाद से मिर्जापुर शहर चर्चा में आया। देश ही नहीं, विदेशों के कई शहरों को भी हिन्दी फिल्मों ने सेल्यूलाइड पर उतारा। इनमें लव इन टोक्यो, नाइट इन लंदन, सिंगापुर, चाइना गेट, चांदनी चौक टू चाइना जैसी फिल्में शामिल हैं।

फिल्मी शीर्षकों के अलावा फिल्मी गानों में भी देश-विदेश के शहरों के तराने खूब गूंजे। पुरानी फिल्मों से लेकर नई फिल्मों तक में ऐसे कई गाने बने, जिनमें शहरों के नाम आए हैं। कुछ गाने पूरी तरह उन शहरों पर ही आधारित हैं। अशोक कुमार की 'आशीर्वाद' ऐसी फिल्म है जिसके गीत रेल गाड़ी में सबसे ज्यादा शहरों के नामों को शामिल किया गया।

# कौन हैं शिउली के फूल सी खूबसूरत बनिता संधू जो बन गईं 83 करोड़ के मालिक एपी ढिल्लों की गर्लफ्रेंड



**मुंबई, ईएमएस।** । दो दिल मिल रहे हैं चुपके चुपके... जी हां, इंडस्ट्री में दो दिल एक हो चुके हैं जिन्होंने अपने रिलेशनशिप को कंफर्म कर दिया है। ये हैं बॉलीवुड एक्ट्रेस बनिता संधू और सिंगर एपी ढिल्लों। जानिए एपी ढिल्लों की नेटवर्थ तो बनिता संधू का कामकाज और लवस्टोरी तक सबकुछ। सिंगर एपी ढिल्लों इन दिनों अपनी अमेजन प्राइम पर रिलीज हुई डॉक्यू ड्रामा सीरीज ढल्लों- फर्स्ट ऑफ ए काइंड को लेकर चर्चा में हैं। ये वही सीरीज है जिसकी सीरीज में आपने सलमान खान से लेकर रणवीर सिंह को देखा था। साथ ही साथ ढिल्लों अपनी लवलाइफ को लेकर भी चर्चा में हैं। अब उन्हें डेट कर रही एक्ट्रेस बनिता संधू ने ऑफिशियल कर दिया है कि वो दोनों एक दूसरे के प्यार में हैं।

Banita Sandhu ने शनिवार को इंस्टाग्राम पर अपने रिलेशनशिप पर मुहर लगाते हुए एपी ढिल्लों के साथ कई रोमांटिक तस्वीरें शेयर की। जहां दोनों एक दूसरे के हाथों में हाथ डाले नजर आ रहे थे। वहीं पोस्ट में एक्ट्रेस ने लखा, मैं और मेरा प्यार। इस इंस्टाग्राम पोस्ट पर एपी ने भी रिएक्ट किया।

### कौन हैं बनिता संधू?

अब आते हैं आखिर कौन हैं बनिता संधू, जिनकी रियल लाइफ से बन गई है। दोनों साथ में काफी प्यारे लग रहे हैं। बनिता भी एकदम अक्टूबर में खिलने वाले शिउली फूल की तरह हैं, जिनकी खूबसूरती पर सिंगर फिदा हो गए हैं। साल 2018 में शूजित सरकार की फिल्म अक्टूबर से बनिता संधू ने बॉलीवुड में कदम रखा था। इस फिल्म में वह वरुण धवन के अपोजिट नजर आई थीं। कहानी केहिसाब से फिल्म को खूब प्यार मिला था तो कलेक्शन भी औसत रहा था, जिसने वर्ल्डवाइड 67.50 करोड़ रुपये कमाए थे।

बनिता संधू का जन्म इंडिया में नहीं बल्कि यूके में हुआ था। वहीं वह पली बढ़ीं थीं। फिर वह 18 साल की उम्र में लंदन आ गई और इंग्लिश लिटरेचर में पढ़ाई पूरी की। दिलचस्प बात ये है कि उन्होंने सिर्फ 11 साल की उम्र में ही एक्टिंग सीखना शुरू कर दिया था। कुछ ऐड्स और गानों में काम करने के बाद उन्हें अक्टूबर मिली थी। फिर वह साउथ की आदित्य वर्मा में भी नजर आई। अभी तक वह सरदार उधम सिंह जैसे प्रोजेक्ट्स का हिस्सा रह चुकी हैं। लोगों के दिल दिमाग में ये भी घूम रहा है कि आखिर बनिता और एपी के दिल कैसे मिले और कैसे दोनों की मुलाकात हुई तो बताया ये जा रहा है कि एक्ट्रेस की मुलाकात एपी के साथ उनकी हिलाया म्यूजिक वीडियो विद यू के जरिए हुई।

# संजय लीला भंसाली पर कंगना रनौत हुईं मेहरबान, भगवान बताते हुए एक्ट्रेस ने बांधे तारीफों के पुल



**मुंबई, ईएमएस।।** कंगना रनौत ने संजय लीला भंसाली की जमकर तारीफ की। उन्हें भगवान बताया तो लीजेंड कहकर खूब तारीफों के पुल बांधें। उन्होंने एक बार फिर बताया कि एक वक्त था जब उन्होंने संजय लीला भंसाली के प्रोडक्शन हाउस के कुछ प्रोजेक्ट्स को इंकार कर दिया था। पढ़िए एक्ट्रेस ने क्या कुछ कहा है।

संजय लीला भंसाली पर कंगना रनौत हुईं मेहरबान, भगवान बताते हुए बोलीं- वह अपने काम से काम रखते है फिल्म डायरेक्टर संजय लीला भंसाली की तारीफ में कंगना रनौत ने एक लंबा पोस्ट लिया है इस पोस्ट में उन्होंने भंसाली को भगवान बताया और जमकर तारीफ की साथ ही ये भी कहा कि उन्होंने भंसाली के प्रोडक्शन हाउस के कुछ प्रोजेक्ट को न कह दिया था एक्ट्रेस कंगना रनौत अक्सर अपने बयानों के चलते सुर्खियों में रहती हैं। इस बार उन्होंने फिल्म डायरेक्टर संजय लीला भंसाली के लिए कुछ कहा है। लेकिन सिर्फ तारीफ में। एक्ट्रेस ने उन्हें भगवान और लीजेंड कहा दिया है। इंस्टाग्राम पर एक नोट पोस्ट किया, जिसमें बताया गया कि कैसे वह फिल्ममेकर के साथ काम नहीं कर पाई हैं।

इंस्टाग्राम पर लिखा, एक कलाकार के रूप में मैं संजय लीला भंसाली की दिल से प्रशंसा करती हूं, वह कभी भी सफलता या महिमा का दिखावा नहीं करते... वह इस समय फिल्म इंडस्ट्री में रहने वाले सबसे सच्चे कलाकार हैं। मैं किसी ऐसे व्यक्ति को नहीं जानती जो सिनेमा से इतना प्यार करता हो और अपने जुनून से इतना प्रेरित हो। सबसे बढ़कर, वह अपने काम से काम रखते है, वह लीजेंड है। मैं सिर्फ संजय सर से प्यार करती हूं। प्यार।

### कंगना रनौत ने संजय लीला भंसाली को कहा भगवान

संजय लीला भंसाली को भगवान कहते हुए उन्होंने कहा, सालों से एसएलबी प्रोडक्शन ने मुझे कुछ सॉन्ग/रोल ऑफर किए गए, किसी न किसी कारण से मैं उन्हें नहीं कर सकी, आज भी अगर मैं उन्हें देखना चाहती हूं या उनके साथ बातचीत करने के लिए उनके घर जाना चाहती हूं। तो वह मेरे सामने लिविंग गॉड की तरह बैठे हैं और धीरे-धीरे मुस्कुरा रहे हैं, अपनी आंखों से दया और प्रशंसा की बारिश कर रहे हैं, कम शब्दों में बोलने वाले एसएलबी जी अद्भुत हैं। यह 2020 में एक इंटरव्यू के दौरान था, जब एक्ट्रेस ने साझा किया था कि फिल्म निर्माता ने उन्हें गोलियों की रासलीला राम लीला में एक सॉन्ग की पेशकश की थी, लेकिन वह काम नहीं कर सकी।







» न्यूज गैलरी

## राजस्व प्रकरणों की सुनवाई 24 को

**जबलपुर, यशभारत।** राजस्व मंडल ग्वालियर के प्रशासकीय सदस्य अमित राठौर व सदस्य भाऊराव पाटिल 24 अगस्त को जबलपुर में राजस्व प्रकरणों की सुनवाई करेंगे। उपायुक्त राजस्व जबलपुर श्रीमती दिव्या अवस्थी ने कलेक्टर जबलपुर से आग्रह किया है, कि राजस्व मंडल के सदस्यों की गरिमा अनुरूप एक कोर्ट रूम की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाये।

## असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही

**जबलपुर,यशभारत ।** पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 14 आरोपियों के विरूद्ध धारा 110 जा.फौ. के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 150 व्यक्तियों के विरूद्ध 107/116 जा.फौ. के तहत, एवं 8 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 151 जा.फौ. के तहत की गयी है, इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 17 गैरम्यादी, 31 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है तथा 30 व्यक्तियों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 2083 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 61 लीटर कच्ची शराब, जप्त की गयी तथा 4 व्यक्तियो के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 1 बका, 3 चाकू जप्त किये गये।

## एक किलो गांजे के साथ पकड़ा गया तस्कर

**जबलपुर, यशभारत।** संजीवनी नगर पुलिस ने एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर एक किलो 100 ग्राम गांजा जप्त किया है। संजीवनी नगर थाना प्रभारी श्रीमति पूर्वा चौरसिया ने बताया कि मुख्बिर की सूचना पर बचखेरा तालाब मोड़ धनवंतरी नगर में बेलबाग निवासी कपिल बेन को पकड़ा गया। जिसकी तलाशी लेने पर उसके थैले से 1 किलो सौ ग्राम गांजा जप्त किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीसी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# परियट नदी में बह रहे गोबर से बनेगी बायो सीएनजी

## सांची दुग्ध संघ में 2400 किलोग्राम का प्लांट तैयार ट्रायल रन के बाद शुरू होगा उत्पादन

-अजय पांडे -

**जबलपुर , यश भारत। परियट नदी में बह रहे सैकड़ों टन गोबर के निस्तारण और उससे ग्रीन एनर्जी बनाने के लिए स्मार्ट सिटी के द्वारा स्वच्छता मिशन के तहत परियट स्थित सांची दुग्ध संघ में एक बायो सीएनजी प्लांट तैयार किया गया है। जो बनकर लगभग पूरा तैयार हो गया है और इसके शुरू हो जाने के बाद प्रतिदिन 150 टन गोबर का उपयोग कर यहां 2400 किलो बायो सीएनजी गैस तैयार की जाएगी। इसके साथ ही प्लांट से 25 टन ऑर्गेनिक खाद और 170 तन लिक्विड ऑर्गेनिक भी तैयार किया जाएगा जो डीएपी का एक सब्सीट्यूट होगा। जिससे बिना रासायनिक खाद का प्रयोग के किसान अपने खेतों की उपज बढ़ा सकेंगे।**



### प्रतिदिन बचेंगे 72 हजार रुपए

प्लांट में जो 2400 किलोग्राम प्रतिदिन बायो सीएनजी का उत्पादन होगा वह 2400 लीटर डीजल का रिप्लेसमेंट करेगी । डीजल और बायो सीएनजी की कीमत में 30 रुपए प्रति लीटर का अंतर है। ऐसे में72 हजार रुपए प्रतिदिन की बचत होगी। साथ ही साथ बायो सीएनजी पूरी तरह से ग्रीन एनर्जी है । जिसके चलते पर्यावरण को भी किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं होगा।

### कम होगा प्रदूषण

प्रतिदिन परियट क्षेत्र में संचालित हो रही डेरियों के माध्यम से परियट नदी में सैकड़ो टन गोबर बहाया जाता है। जो आगे जाकर हिरन नदी में मिलता है और फिर उसके बाद हिरण नर्मदा नदी में मिलती है। जिसके कारण तीनों ही नदियां प्रदूषित हो रही हैं। परियट का तो यह हाल हो गया है कि वह किसी गंदे नाले से भी बेकार स्थिति में पहुंच गई है । वहीं नर्मदा और हिरण के संगम स्थल झांसी घाट के पास इस गोबर का दुष्प्रभाव स्पष्ट दिखाई देने लगा है। प्लांट शुरू हो जाने के बाद बड़ी मात्रा में गोबर का उपयोग सीएनजी व खाद बनाने में होगा जिससे एक ओर जहां ऑर्गेनिक खाद व ग्रीन एनर्जी प्राप्त होगी। वहीं दूसरी तरफ इन नदियों में भी प्रदूषण की मात्रा कम होगी। प्लांट की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह पूरा प्लांट जीरो वेस्टेज है। याने बायो सीएनजी नहीं और उर्वरक निकालने के बाद कोई भी वेस्टेज नहीं बचता है।

### फैक्ट फाइल

- 150 टन गोबर का होगा निस्तारण
- 2400 किलोग्राम बायो सीएनजी का उत्पादन
- 25 टन प्रोम ( ऑर्गेनिक खाद ) का उत्पादन
- 170 टन लिक्विड ऑर्गेनिक का उत्पादन

( आंकड़े प्रतिदिन के )

इस प्लांट के कारण एक ओर जहां गोबर से ग्रीन एनर्जी प्राप्त होगी ,वहीं मिथेन गैस है जो की ग्रीनहाउस गैस है। उसका भी उत्सर्जन कम होगा। जिसके लिए स्मार्ट सिटी द्वारा फंडिंग की गई है जिसका फायदा पूरे शहर को होगा।

**चंद्र प्रताप गोहल**
**सीईओ स्मार्ट सिटी जबलपुर**

# सेना के लिए गोला बारूद बना रहे आयुध वीर

**जबलपुर यशभारत।** जिस प्रकार सेना में चार साल के लिए अग्निवीरों की भर्ती की गई है उसी तरह आयुध निर्माणी खमरिया में भी गोला बारूद के उत्पादन के लिए संविदा के तहत एक वर्ष के लिए कर्मचारियों को भर्ती किया जा रहा है अब तक 75से अधिक भर्ती की जा चुकी है ।बड़े उत्पादन लक्ष्य को देखते हुए उम्मीद है कि और कर्मचारियों को लिया जायेगा ।ओएफके प्रशासन ने इसकी प्रक्रिया पहले ही पूरी कर ली है ।जैसे जैसे उत्पादन को गति देना होगा उस हिसाब से और संविदा कर्मचारियों को बुलाया जा सकता है ।हालांकि इन कर्मचारियों को अधिकारिक रूप से आयुध वीर नहीं कहा गया है ।लेकिन जिस संविदा के आधार पर सेना में अग्निवीरों की चार साल के लिए भर्ती की गई है ।उसी तरीकों से ओएफके में कर्मचारियों को लिया गया है ।उल्लेखनीय है कि खमरिया को इस सत्र में अब तक का सबसे बड़ा उत्पादन लक्ष्य जो तीन हजार करोड़ से ज्यादा का है,मिला हुआ है ।चूंकि सेवानिवृत्ति के चलते कर्मचारियों की संख्या कम होती जा रही है और निर्माणियों निगम के तहत आने के बाद अब तक निगमों की एच आर पालिसी नहीं बन पाई है इसलिए काम वाले हाथ बढ़ाने के लिए फिलहाल यह विकल्प अपनाया गया है ।सूत्रों के अनुसार ऐसे एक्स ट्रेड अपरेंटिस जिन्होंने केमिकल ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त किया था उनसे ही आवेदन मांगे गए थे ।प्राप्त आवेदनों में प्राथमिकता के आधार पर करीब दो सौ आवेदन छांटे गये थे ।जिसमें 70 से अधिक युवकों को अर्ध कुशल कामगार के रूप में फिलिंग अनुभाग में तैनात किया गया है ।समझा जाता है कि इन्हें काम की उपलब्धता और कर्मचारी के उत्पादन प्रदर्शन को देखते हुए उनकी संविदा नियुक्ति अवधि में वृद्धि की जा सकती है ।लेकिन किसी भी स्थिति में इसकी अवधि चार वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**ओएफके में संविदा पर लिये गये एक्स ट्रेड अपरेंटिस**

### इनका कहना है

उत्पादन लक्ष्य पाने के लिए 70से अधिक संविदा कर्मचारियों की एक वर्ष के लिए नियुक्ति की गई है। आवश्यक होने पर आगे अवधि बढ़ाई जा सकती है।

**-आर के कुम्हार**
**प्रशासनिक अधिकारी/पीआरओ ओएफके**

## बेलगाम बाईक की टक्कर से युवक की मौत

जबलपुर। कुण्डम थानांतर्गत करौदी स्थित गैस गोदाम के समीप एक युवक की तेज रफ्तार मोटरसाइकिल के चालक ने टक्कर मार दी। घटना में युवक को पेट में गंभीर चोटें आई थी। जिसे इलाज के लिए 108 एम्बुलेंस से कुण्डम अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने चेक कर युवक को मृत करार दिया। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भिजवाते हुए मर्ग कायम कर आरोपी बाईक चालक के खिलाफ धारा 279, 304 ए का मामला दर्ज कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। कुण्डम पुलिस ने बताया कि बघराजी निवासी आदित्य सोनी कल अपने भाई संतोष सोनी के साथ राशन कार्ड, बीपीएल कार्ड बनवाने कुण्डम तहसील आया था। काम नहीं होने पर दोनो भाई सुबह 5.30 बजे प्रसेश होने करौंदी में गैस गोदाम के पास गये थे।

अनुश्री नेत्र चिकित्सालय एण्ड रेटिना केयर सेन्टर
आयुष्मान भारत योजना उपलब्ध
डॉ. अविजित विश्नोई
M.B.B.S., M.S., OPHTHAL, F.R.F., F.N.N., I.C.O
नेत्र, रेटिना एवं आर.ओ.पी. विशेषज्ञ, न्यूरो ऑफ्थल्मोलॉजिस्ट
नौदरा ब्रिज, जबलपुर
मो. 76102-76101, 9119-99828
उपलब्ध सुविधायें
• रेटिना (आँख के परदे) का लेजर एवं ऑपरेशन से इलाज
• मोतियाबिंद- फेको पद्धति से छोटे चीरे एवं प्रीमियम लेंस का उपचार
• ICL/IPCL-चश्मा से छुटकारे के लिए विशेष लेंस
• न्यूरो ऑफ्थलमोलॉजी
• सतमासे बच्चों की आँखों की जाँच एवं लेजर उपचार
• लेंस से वंचित रह गई मोतियाबिन्द ऑपरेशन वाली आँख में विशेष लेंस प्रत्यारोपण (SFIOL, Lris Claw Lens)

JYOTI INNER ZONE
10% से 20% तक की भारी छूट
LUX COZI AMUL MACHO RUPA JOCKEY DIXCY SCOTT
1222, Main Road Ganjipura Near Super Market Jabalpur (M.P.) 0761-4038008

"A name of Quality Education" ESTD-2004
यश नर्सरी हा.से. स्कूल
सीधे 10वीं 12वीं प्राईवेट/ रेगूलर फार्म भरने की सुविधा उपलब्ध।
एडमीशन ओपन
➡ नर्सरी से क्लास फर्स्ट तक टोटल एडमिशन फ्री (लिमिटेड शीट्स)
➡ मिडिल क्लासेस से ही कॉम्पिटेटिव एग्जाम की तैयारी
➡ एग्रीकल्चर सहित सभी विषय उपलब्ध है।
ब्रांच - अधारताल/गोहलपुर
नोट-हमारे प्रयास से श्रेष्ठ बच्चों के साथ साथ कमजोर बच्चे भी बेहतर रिजल्ट लाकर दिखाते हैं। इसलिए हम देते हैं बोर्ड परीक्षाओं में शत् प्रतिशत 100 प्रतिशत रिजल्ट।
ENGLISH & HINDI MEDIUM
हॉस्टल+ बस सुविधा
Dr. Vijay Kant Tiwari (Director)
1. गुलाब टॉवर के सामने, अधारताल तिराहा, जबलपुर- 7987974850, 6263988587, 0761-4020761
2. शंकर पटेल मार्केट, अमखेरा रोड, गोहलपुर चौक, जबलपुर - 9111009016, 0761-4111321
ऑफिस- 8 से 4 बजे तक

कचनार सिटी, जसूजा सिटी, चैतन्य सिटी में सर्व सुविधा युक्त डुप्लेक्स एवं लक्ष्मी विजयनगर में सिंगल एक्स उपलब्ध है
शीघ्र संपर्क करें मो-9300103737, 9074740022




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स 68/1 लक्ष्मीपुर, विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक राजीव उपाध्याय, संपादक अम्बरीष तिवारी*, सलाहकार संपादक श्याम कटारे RNI No. MPHIN/2007/18675। फोन-2643333 email - jabalpur@yashbharat.com। ( *पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार )। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )